तापमान
अधिकतम 35.6 डिग्री
न्यूनतम 12.3 डिग्री

हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, शुक्रवार, 7 मार्च 2025

गीता हमें निष्काम कर्म की महत्ता को समझाती है: विधायक ललित 11



नवनिर्वाचित अध्यक्ष मीना ने संभाला नगर पालिका का पदभार 11





# दुर्ग-बेमेतरा के 75 गांव को मिलेगा खेती के लिए पानी, 212 करोड़ का प्रोजेक्ट तैयार

**दुर्ग को सोलह और बेमेतरा के 66 गांव होंगे लाभान्वित, सहगांव उद्वहन सिंचाई परियोजना से 75 गांव में होगी सिंचाई**

राहुल शर्मा ▶▶| दुर्ग

हरिभूमि एक्सक्लूसिव

सिंचाई के क्षेत्र में महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट तैयार किया गया है। इस प्रस्ताव को जिला प्रशासन ने राज्य शासन को भी भेज दिया है। इस प्रोजेक्ट के जमीनी स्तर पर लागू होने से सिंचाई के क्षेत्र में बडी क्रांति आएगी।

सहगांव उद्वहन सिंचाई परियोजना में करीब 212 करोड रूपए खर्च किया जाएगा। इस परियोजना के जरिए बेमेतरा और दुर्ग जिले के दस हजार हेक्टेयर से अधिक रकबे में सिंचाई के लिए पानी पहुंचाया जाएगा। इस परियोजना से दोनो जिले के 75 से अधिक गांव के किसान न सिर्फ लाभान्वित होगें, बल्कि यहां जलस्तर में भी सुधार होगा। दुर्ग और बेमेतरा के ऐसे किसान जो रबि फसल से वंचित थे। उन्हें इसका लाभ मिलेगा। जानकारी अनुसार सहगांव उद्वहन सिंचाई परियोजना के तहत बेमेतरा और दुर्ग के जिस 75 गांव को शामिल किया गया हैं। इन क्षेत्रों के किसान मेहनतकश होने के बाद भी दो सीजन की खेती नही कर पा रहे है। जलस्तर ड्राई होने के कारण वे रबि की फसल नही ले पाते है।

इस समस्या को जमीनी स्तर पर लागू करने सांसद विजय बघेल प्रयासरत है। उनके ही कार्यकाल में इस परियोजना का सर्वे कर करीब 212 करोड रूपए का प्रस्ताव तैयार कर राज्य शासन को भेजा गया है। राज्य शासन से स्वीकृति मिलने के बाद इस परियोजना के जरिए किसानों को खेती के क्षेत्र में बडी उपलब्धि हासिल होगी। अफसरों ने बताया कि, इस प्रस्ताव को भेजे सालभर बीत चुके हैं। ऐसे में माना जा रहा है कि, इस वर्ष के बजट में इस प्रोजेक्ट के लिए राशि स्वीकृत की जाएगी।

## दुर्ग-बेमेतरा के किसान होगें लाभान्वित

सहगांव उद्वहन सिंचाई परियोजना के तहत बेमेतरा के तांदुला जलाशय के जरिए पानी लिया जाएगा। यहां से पानी सहगांव में एनीकट बनने के बाद लिफ्ट कर पहुंचाया जाएगा। फिर सहगांव से दुर्ग के सोलह और बेमेतरा के 66 गांव तक करीब 10 हजार चार सौ हेक्टेयर रकबा को सिंचित किया जाएगा। इसके लिए जल संसाधन विभाग ने जमीनी स्तर पर सर्वे कर प्राक्कलन सरकार को भेज दिया है। अब निर्देश का इंतजार हैं।



## किसान होंगे लाभान्वित

“ सहगांव उद्ववहन सिंचाई परियोजना से दुर्ग, अहिवारा और बेमेतरा के सैकडों किसान लाभान्वित होगें। राज्य शासन को प्रस्ताव भेजा गया हैं।

-विजय बघेल, सांसद दुर्ग

## प्रस्ताव भेजे गए

“ जल संसाधन विभाग द्वारा सहगांव परियोजना को लेकर प्रस्ताव राज्य शासन को भेजा गया है। स्वीकृति मिलने के बाद प्रोजेक्ट का कार्य शुरू किया जाएगा।

-आशुतोष सारश्वत, ईई जलसंसाधन विभाग दुर्ग

## सांसद सहित दो विधायकों का प्रस्ताव



इस परियोजना को लेकर सांसद विजय बघेल से लेकर अहिवारा विधायक डोमनलाल कोर्सेवाडा और बेमेतरा विधायक विजय साहू की भी अनुशंसा है। किसानों की महती मांग पर सांसद सहित दो विधायको ने राज्य शासन को इस अनुशंसा के जरिए प्रस्ताव भेजा गया है। इस परियोजना में दुर्ग, अहिवारा और बेमेतरा के 82 से अधिक गांव शामिल हैं। इसमें घटियाखुर्द, पाहरा, मुड़पार, घटियाकला, करेली, चंडी, तिलई, बांसा, देवादा, सांकरा, हसदा, नेवनारा, खुड़मुड़ा, अकोली, बहेराकुसमी, आनंदगांव, तेलगा, खर्रा, कुम्ही, सोरला, तारालीम, भांड, बहेरा, मटिया, बारगांव, सरदा, अछोली, लवतारा, लेंजवारा, भिलौरी, सुरजपुरा, टकसींवा, तिलघट (लोर), देवरी, टठिया, सुरहोली, गोड़गिरी, सिलघट, बेरला, करामाल, सहगांव, भटगांव जैसे 82 गांव शामिल हैं।

## भूअर्जन के लिए सवा पांच करोड़ का प्रावधान

इस परियोजना को लेकर 2.75 हेक्टेयर भूमि और पाइपलाइन के लिए 5.00 हेक्टेयर भूमि अधिग्रहण के दायरे में आ रहा हैं। इसके लिए भी जलसंसाधन विभाग ने 525 लाख रूपए का प्रावधान प्रस्ताव में भेजा हैं। इस परियोजना में बडी बात यह है कि, यह सिर्फ सिंचाई नही बल्कि उद्योग के डिमांड पर भी जल उपलब्ध कराया जाएगा। यह परियोजना दुर्ग मुख्यालय से 27 किमी की दूरी पर हैं। यह दुर्ग बेमेतरा मार्ग से जुडा हुआ हैं। इस परियोजना के लिए 1700 हार्सपावर के छः नग पंपो में से चार नग पंप नियमित रूप से संचालित होगें। दो नग पंप रिजर्व में रहेंगे।

## खबर संक्षेप

### छात्रा का मोबाइल छीनकर फरार, केस दर्ज

**भिलाई।** घर लौट रही छात्रा से मोबाइल छीनकर ले जाने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 304 (2) के तहत जुर्म दर्ज किया है। भिलाई नगर पुलिस ने बताया कि सेक्टर 10 सड़क 02 क्वार्टर 04 बी पीजी निवासी चित्रा साहू जोनल मार्केट से नीट की तैयारी कर रही है। 2 मार्च की सुबह सेक्टर 10 मार्केट से नाश्ता कर वापस अपने कमरे में लौट रही थी। इस दौरान फोन से छात्रा बातचीत करते जा रही थी। तभी एक अज्ञात युवक ने स्कूटी में आकर छात्रा के हाथ से मोबाइल छीनकर फरार हो गया। मामले में पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी हुई है।

### कबाड़ी ने मूकबधिर से की मारपीट, अपराध दर्ज

**भिलाई।** कबाडी ने मूकबधिर के साथ मारपीट करने का मामला सामने आया है।शिकायत पर पुलिस ने कबाडी के खिलाफ धारा 117 (2) के तहत जुर्म दर्ज किया है। सुपेला पुलिस ने बताया कि शंकरपारा सुपेला निवासी मनीष गुप्ता का चाचा महेश गुप्ता मुकबधिर है। महेश के साथ संजय नगर सुपेला निवासी आजाद कबाडी वाला ने मारपीट किया। घटना में महेश के सीने में दर्द होने पर सुपेला स्थित निजी अस्पताल में उपचरा के लिए दाखिल कराया है। चिकित्सकों ने बताया कि मारपीट में महेश के पसली मे गंभीर चोट आई है। पसली उनकी टूट गई है। मूकबधिर सामान बेचने गया था। बिना कारण के आजाद कबाड़ी ने हाथ मुक्का से मारा।

**अनियमितता : विधायक गजेंद्र यादव ने विधानसभा में उठाया था मामला**

# कचरा निष्पादन पर 5.88 करोड़ खर्च के बाद 1.53 करोड़ रु. की फिर मंजूरी

अतुल अग्रवाल ▶▶| दुर्ग

छत्तीसगढ़ शासन ने दुर्ग के ट्रेंचिंग ग्राउंड में डंप करीब 47 हजार घनमीटर कचरा डिस्पोज के लिए 1.53 करोड़ रुपए और जारी कर दिए हैं। पिछले दिनों नगरीय प्रशासन के अवर सचिव अजय तिर्की ने इसे लेकर आदेश जारी किया। इस राशि से डंप कचरे की दो तरीके से निष्पादन किया जाएगा। इसमें सूखा कचरा को प्रोसेस कर सीमेंट कंपनियों को बेजा जाएगा, ताकि सीमेंट में मिलाकर इसे उपयोग में लाया जा सके। वहीं गीला कचरा से खाद तैयार किया जा सके। बता दें कि 2022 में भी ट्रेंचिंग ग्राउंड के डंप कचरे के डिस्पोजल के लिए शासन ने 5.89 करोड़ रुपए जारी किए थे। इस प्रकार पोटिया ट्रेंचिंग ग्राउंड के डिस्पोजल के लिए पिछले तीन साल में 7.42 करोड़ रुपए जारी किए जा चुके हैं। इसी मामले को लेकर विधायक गजेंद्र यादव ने सवाल उठाए थे। उन्होंने कहा था कि ट्रेंचिंग ग्राउंड में डंप कचरे का डिस्पोजल हुआ या नहीं, यह स्पष्ट ही नहीं है। इसके बाद मामले में जांच के निर्देश भी हुए थे, लेकिन पूरा मामला ठंडे बस्ते में डाल दिया गया। इसके अलावा पिछले दिनों रनिंग कचरा निष्पादन के लिए पीपीपी मॉडल पर नया प्लांट भी स्थापित किया जा रहा है। तय की गई एजेंसी कचरा से खाद तैयार करेंगे, गैस तैयार करेगी और सप्लाई कर खुद आय अर्जित करेगी। वर्तमान में इस एजेंसी का प्लांट डलना शुरू हो चुका है। जल्द ही यह एजेंसी वर्किंग भी शुरू कर देगी। जानकारी के मुताबिक पहली बार कचरे से कंप्रेस्ड बॉयो गैस बनाने के प्लांट पर काम किया जा रहा है। इसमें गीले कचरे से यह गैस बनेगी और फिर इसकी एजेंसी इसे बड़ी कंपनियों को बेच सकेगी। करीब 5 एकड़ में यह प्लांट लगाया जाएगा। शहर से प्रतिदिन 100 टन से ज्यादा कचरे में 60 प्रतिशत गीला एवं 40 प्रतिशत सूखा कचरा होता है, जिसे ट्रेंचिंग ग्राउंड पहुंचाकर प्रोसेस किया जाएगा।

**एनजीटी के रिंग फेंस्ड मद से होगा निष्पादन**



## 2022 में नेकॉफ को दिया गया था कचरा डिस्पोजल का काम

अलग खबर

राज्य शासन ने छत्तीसगढ़ नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 के अंतर्गत (मेयर-इन-कौंसिल के कामकाज का संचालन तथा प्राधिकारियों की शक्तियां एवं कर्तव्य) नियम 1998 के नियम 5 के उप नियम (2) के तहत दुर्ग क्षेत्रांतर्गत लिगेसी वेस्ट के निष्पादन (पुराने कुड़ा स्थल के कचरे का प्रसंस्करण) कार्य के लिए 17 अगस्त 2022 को 5,88,98,901 रुपए की दर स्वीकृति प्रदान की थी। इस राशि से ट्रेंचिंग ग्राउण्ड में डम्प कचरे के डिस्पोजल किया जाना था। फरवरी 2025 को अतिरिक्त लिगेसी वेस्ट के निष्पादन के लिए 1,53,69,099 रुपए की अतिरिक्त स्वीकृति प्रदान की। इस प्रकार कुल 7,42,68,000 की पुनरीक्षित प्रशासकीय स्वीकृति दी गई है। यह राशि एनजीटी द्वारा प्रदत्त रिंग फेंस्ड मद अंतर्गत निम्नांकित शतों के अधीन प्रदान की गई है। 2022 में स्वीकृति के बाद नेकॉफ दिल्ली की कंपनी को काम दिया गया था। कंपनी ने दूसरी एजेंसी से कचरा डिस्पोजल का काम कराया। वर्तमान में करीब 47 हजार घनमीटर कचरा और शेष है, जिसके लिए यह राशि स्वीकृत की गई है।

## कचरे को लेकर विवाद, विधानसभा में विधायक यादव ने उठ चुका है मामला

कचरे के डिस्पोजल को लेकर पूर्व में विवाद खड़ा हो चुका है। विधायक गजेंद्र यादव ने इस मामले को लेकर नगरीय निकाय मंत्री अरुण साव से शिकायत भी की थी। मामला विधानसभा में भी उठा। गजेंद्र यादव ने इस संदर्भ में बिना मशीनरी की स्थापना किए कचरे के निपटारे को लेकर सवाल खड़े कि थे। उन्होंने पूछा था कि कौन सी मशीनरी स्थापित की गई। वेस्ट मैनेजमेंट को लेकर किसी मशीनरी की स्थापना नहीं की गई है, तो किस तरीके से कचरे का निष्पादन किया गया। मंत्री साव ने उस समय जांच की बात कही थी। उन्होंने कहा था कि जेसीबी, ट्रैक्टर ट्रॉली और ट्रैक्टर के साथ-साथ अन्य मशीनों के जरिए कचरे का निष्पादन किया गया। इस पर गजेंद्र यादव ने कहा था कि किसी भी मशीन का प्रयोग कचरे के निपटारे और निष्पादन के लिए नहीं किया गया।

### 1.53 करोड़ की स्वीकृति

शासन ने ट्रेंचिंग ग्राउंड में कचरा निष्पादन के लिए अतिरिक्त स्वीकृति मिली है। करीब 47 हजार घनमीटर कचरा अब भी डंप है, जिसका डिस्पोजल किया जाना है। इसके अलावा रनिंग कचरा डिस्पोजल के लिए पीपीपी मॉडल पर एक एजेंसी अलग से तय की है, जो कचरा से खाद और गैस बनाकर बेचकर काम करेगी।

**-मोहनपुरी गोस्वामी,** ईई नगर निगम दुर्ग

### मामले में ली जाएगी जानकारी

फिलहाल मुझे इस बारे में जानकारी नहीं है, उस समय विधानसभा में मैंने प्रश्न लगाया था, तत्काल सूडा के अधीक्षण अभियंता स्तर के अधिकारी को जांच सौंपी गई थी। इसके बाद क्या हुआ, मुझे अवगत नहीं कराया गया। मामला गंभीर है, मैं इस बारे में जानकारी लेता हूं।

**-गजेंद्र यादव,** विधायक दुर्ग शहर

# अभिजीत ने संभाली जिले की कमान

**कहा-जनहित की समस्या का निराकरण प्राथमिकता में**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग



कलेक्टर अभिजीत सिंह ने कहा कि, दुर्ग शहर काफी आबादी वाला जिले है। यहां के इन्फ्रस्ट्रक्चर को बढावा देने का उन्हें अवसर मिलेगा। उन्होने कहा कि उनकी मुख्य प्राथमिकता आम जनता की समस्या का जल्द से जल्द समाधान करना होगा। कलेक्टर ने पहले दिन कलेक्टोरेट के विभिन्न विभागों का निरीक्षण किया। उन्होने इस दौरान करेक्टोरेट में विभिन्न विभाग के अधिकारी और कर्मचारियों से मुलाकात कर उनके काम की जानकारी ली। दोपहर चार बजे के बाद वे सर्किट हाउस रवाना हो गए थे। कलेक्टर श्री सिंह (आईएएस) ने गुरूवार अपरान्ह 3.30 बजे कलेक्टोरेट दुर्ग में पदभार ग्रहण कर लिया है। पदभार ग्रहण की प्रारंभिक औपचारिकता के बाद कलेक्टर अभिजीत सिंह ने कलेक्टोरेट की विभिन्न शाखाओं का अवलोकन किया और अधिकारी-कर्मचारियों से परिचय प्राप्त किया। प्रभारी कलेक्टर अरविन्द एक्का ने कलेक्टर अभिजीत सिंह को कार्यभार सौंपा।




**कॉपर चोरी मामले में**

# सीआईएसएफ के 4 जवान दोषमुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

बीएसपी से कॉपर चोरी मामले में सीआईएसएफ के चार जवानों पर निलंबन की कार्रवाई की गई थी। दुर्ग न्यायालय ने चारों जवानों को दोषमुक्त कर दिया है। चोरी माह जनवरी 2020 की है। घटना टीपीएल एरिया की थी। सीआईएसएफ ईकाई बीएसपी में प्रधान आरक्षक संजय कुमार सैनिक, आरक्षक जीडी अभिषेक कुमार, आरक्षक जीडी श्याम कुमार सिंह और प्रधान आरक्षक जीडी प्रेमानंद साहू पर कार्रवाई की गाज गिरी थी। मिली जानकारी के मुताबिक बीएसपी टीपीएल क्षेत्र से पांच ड्रम कॉपर केबल चोरी हुई थी। भट्ठी पुलिस को मामला सौंपा गया था। टीपीएल एरिया में तैनात उक्त चार जवानों की भूमिका को संदिग्ध माना गया था। पुलिस ने चारों जवानों की गिरफ्तारी की और उन्हें जेल भेज दिया गया। चोरी के मामले में संलिप्ता के चलते अधिकारियों ने माना कि सीआईएसएफ की छवि खराब हुई। विभागीय कार्रवाई करते हुए चारों जवानों को निलंबित कर दिया। अब लगभग पांच वर्ष के बाद न्यायालय न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी दुर्ग ने 31 जनवरी 2025 सीआईएसएफ के चारों जवानों को दोषमुक्त कर दिया गया।

## इसलिए दोष मुक्त हुए

अभियुक्तों की ओर से न्यायालय में पैरवी अधिवक्ता अरविंद कुमार राय ने बताया कि जिस पांच ड्रम कॉपर केबल चोरी का यह मामला था। वह असली चालान के माध्यम से नियमानुसार बाहर गया था। जिसकी पुष्टि चश्मदीद गवाह सीआईएसएफ ईकाई भिलाई इस्पात संयंत्र के आरक्षक जीडी हेमलाल मंडावी ने न्यायालय में की। इस आधार पर न्यायालय ने माना कि जिस चोरी के प्रकरण में सीआईएसएफ के चार जवानों को आरोपी बनाया गया। वह घटित ही नहीं हुआ था। इसी के साथ सीआईएसएफ के चारों जवानों को न्यायालय ने दोषमुक्त करार दिया है।



# विधायक के प्रयास से दुर्ग में लाइवलीवुड कॉलेज और सीजीआईटी का बनेगा भवन

हरिभूमि न्यूज ▶▶|दुर्ग

रोजगार की दिशा में पारंगत करने के लिए जिले में लावलीवुड कालेज खोला जाएगा। वहीं तकनीकी विषयों में पढ़ाई करने वाले विद्यार्थियों के लिए सीजीआईटी का भवन बनाने साय सरकार ने अपनी बजट में राशि का प्रावधान कर छात्रहित में बड़ी सौगात दी है। लावलीवुड कालेज और तकनीकि विषयों की पढाई शुरू होने के बाद यहां के हुनरमंद छात्रों को बाहर जाने नही पडेगा।

विधायक ने पूर्व विभागों से समन्वय कर प्रस्ताव तैयार कर राज्य शासन को भेजे थे। हाल ही में बजट का प्रावधान किया गया था। जिसमें लावलीवुड कालेज, तकनीकि इस्टिट्यूट सहित पालीटेक्निक कालेज के उन्नयन के लिए 41 करोड रूपए का प्रावधान बजट में किया गया है। दुर्ग जिला मुख्यालय में उच्च तकनीकी संस्थान खुल जाने से जिले के विद्यार्थियों को काफी सहूलियत मिलेगी।

तकनीकी विषय, उच्च शिक्षा और विभिन्न तरह के प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे जिले के विद्यार्थियों का शिक्षा में स्तर बढ़ने से दुर्ग शहर की उपलब्धियों में एक और सितारा जुड़ जायेगा। शिक्षा के क्षेत्र में दुर्ग को आगे बढ़ाने और विद्यार्थियों की मांग को देखते हुए विधायक गजेन्द्र यादव ने प्राकलन तैयार कराया और सरकार के बजट में शामिल कराकर राशि की स्वीकृति दिलाये है।

### मुख्यमंत्री ने दिखाई गंभीरता वित्तमंत्री ने दी स्वीकृति

विष्णुदेव साय सरकार के दूसरे बजट में दुर्ग में शिक्षा के स्तर और बढ़ाने दुर्ग में लाइवलीवुड कॉलेज और सीजीआईटी का भवन बनाने विधायक गजेन्द्र यादव की मांग को वित्तमंत्री ओपी चौधरी ने स्वीकारते हुए दुर्ग में जनहित के विकास कार्यों बजट में शामिल किये है। विधायक गजेन्द्र यादव ने बताया कि, तकनीकी शिक्षण की तैयारी के लिए यहां के विद्यार्थियों को बाहर जाना पड़ता है। जिसे संज्ञान में लेकर शासन के बजट में शामिल कराया गया, ताकी के विद्यार्थी शिक्षा के क्षेत्र हमेशा अग्रणी रहे। इस बार के बजट में लोक निर्माण विभाग के अधिकारी कर्मचारी हेतु 4 प्रकार के वर्ग में 36 नग आवसीय भवन निर्माण, शासकीय पोलिटेक्निक संस्थानों के उन्नयन संबंधी भवन निर्माण को भी बजट में शामिल किया गया है।

### विधायक गजेन्द्र यादव ने दिलाई 41 करोड़ की स्वीकृति, मिलेगी बड़ी सौगात






### इन कार्यों को बजट में मिली स्वीकृति

जानकारी अनुसार लोक निर्माण विभाग के अधिकारी कर्मचारी हेतु 4 वर्ग में 36 नग आवसीय भवन निर्माण हेतु 2.50 करोड़ और शासकीय पोलिटेक्निक संस्थानों के उन्नयन संबंधी भवन निर्माण कार्य 30 करोड़ मिली है। छत्तीसगढ़ इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी भवन बनाने 7 करोड़ और संभागीय संयुक्त संचालक कृषि विभाग हेतु 50 लाख और लाइवलीवुड कॉलेज भवन निर्माण हेतु 01 करोड़ की स्वीकृति दिलाई गई हैं।

## खबर संक्षेप

### कार्मिकों की पत्नियों ने किया संयंत्र का भ्रमण



**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के सिंटर प्लांट-3 विभाग में कार्यरत कार्मिकों की पत्नियों को संयंत्र के कार्यक्षेत्रों से रूबरू कराने के उद्देश्य से "आप भी जानिए" कार्यक्रम का आयोजन किया गया। 20 कार्मिकों की पत्नियाँ शामिल हुई। मुख्य महाप्रबंधक अनूप कुमार दत्ता, संदीप माथुर, महाप्रबंधक एसके सोनी तथा महाप्रबंधक अजय कुमार उपस्थित थे। भ्रमण के दौरान उन्होंने सिंटर प्लांट-3, ब्लास्ट फर्नेस-8 (महामाया) तथा यूनिवर्सल रेल मिल विभाग में उत्पादन प्रक्रिया को देखा। कार्यक्रम का आयोजन एच.आर.-सिंटर प्लांट एवं ओएचपी विभाग द्वारा किया गया।

### स्ट्रीट लाइट खराब

**भिलाई।** नंदिनी रोड एसीसी तिराहे के निकट स्ट्रीट लाइट खराब होने से लोगों को आवागमन में परेशानी के साथ दुर्घटना का अंदेशा भी बना हुआ है। एलईडी लाइट जलती-बुझती रहती है।

### अवैध खनन के विरोध में युवा करेंगे पुतला दहन

**दुर्ग।** क्षेत्र के युवाओं ने बिल्डकॉन प्राइवेट लिमिटेड बीपीएल कंपनी इंडस्ट्रीयल स्टेट रीवा रोड सतना (म.प्र) द्वारा बनाये जा रहे सड़क हेतु किए जा रहे अवैध मुरुम खनन व परिवहन की शिकायत की थी। उनका आरोप है कि, जिला प्रशासन द्वारा उक्त अवैध कार्य प्रतिबंध न लगाकर और इस कृत्य को बढ़ावा दिया जा रहा है। उक्त ज्ञापन पश्चात आदर्श आचार संहिता के चलते पुतला दहन कार्यक्रम नहीं किया जा सका था। अतः 10 मार्च 2025 को पुलगांव चोक दुर्ग में दुर्ग ग्रामीण के अंडा बिरेझर क्षेत्र में अवैध मुरुम खनन के विरोध में अवैध मुरुम खनन को संरक्षण देने वाले विधायक ललित चंद्राकर का पुतला दहन पुलगांव चौक दुर्ग में शाम 4:30 बजे किया जाएगा। जिसके लिए अवेध मुरुम खनन को संरक्षण देने वाले जिला प्रशासन के भ्रष्ट अधिकारी होंगे। यह जानकारी ब्लाक युवा कांग्रेस अध्यक्ष यशवंत देशमुख, दीपांकर साहु और शुभम देशमुख ने दी।

## सभापति के लिए आज नगर निगम में होगा चुनाव, घमासान के आसार

# लिफाफे में पर्यवेक्षक लेकर आएंगे सिंगल नाम, कांग्रेस से कुंडले दावेदार

हरिभूमि न्यूज ▶▶|दुर्ग

नगरनिगम में सभापति के लिए आज चुनाव होगें। भाजपा का दावा है कि, सभापति के लिए सिंगल नाम का प्रस्ताव उनके द्वारा बढाया जाएगा। पर्यवेक्षक संजय श्रीवास्तव कल दुर्ग आएंगे। उनके हाथों आलाकमान की सहमति पर एक नाम भेजे जाएंगे। जिसे पन्द्रह मिनट पहले खोला जाएगा। इधर कांग्रेस से सभापति के लिए भास्कर कुंडले मैदान पर है। हांलाकि सभापति के लिए भाजपा के दावेदार की जीत सुनिश्चित मानी जा रही हैं। देखना हैं कि, कांग्रेस सभापति के लिए किस हद तक डटे रहती हैं।

भाजपा संगठन के नेताओं का दावा है कि, उनके द्वारा सभापति के लिए सिंगल नाम जारी किए जाएंगे। उल्लेखनीय हैं कि, सप्ताहभर पहले सभापति के लिए पर्यवेक्षक संजय श्रीवास्वत यहां सभी चालीस पार्षदों से रायशुमारी कर चुके है। देखना हैं कि, आलाकमान इन चालीस नाम में किस नाम पर मुहर लगाती हैं। इधर कांग्रेस से सभापति के लिए दावेदार के नाम की घोषणा किए जाने से चुनाव तो होगें। सूत्रों की माने तो भाजपा में आधा दर्जन से अधिक दावेदारों ने भाजपा के बडे नेताओं को गुटो में बांट दिया हैं। इसके लिए सांसद विजय बघेल, विधायक गजेन्द्र यादव, ललित चंद्राकर, जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेन्द्र कौशिक, महापौर अलका बाघमार के पसंद पर विचार चल रहा हैं।




### ढाई बजे के बाद सभापति की होगी घोषणा

दुर्ग नगर निगम के नवनिर्वाचित महापौर अलका बाघमार सहित चालीस पार्षद जीतकर आए हैं। वही बारह कांग्रेस और आठ सीट निर्दलियों के खेमे में हैं। शपथ ग्रहण के बाद सभापति चुनाव 7 मार्च की तिथि तय की गई है। इस संबंध में जिला कलेक्टर व नगर निगम चुनाव के पीठासीन अधिकारी द्वारा नगर निगम के प्रथम सम्मिलन की सूचना जारी कर दी गई है। नगर निगम सभागार में अभ्यर्थी दोपहर 12 बजे से दोपहर 12.30 बजे तक नामांकन पत्र दाखिल कर सकेंगे। नामांकन पत्रों की जांच दोपहर 12.30 बजे से दोपहर 1 बजे तक और नामांकन पत्र वापसी की प्रक्रिया दोपहर 1 बजे से दोपहर 1.30 बजे तक पूरी की जाएगी। यदि मतदान आवश्यक होगा तो सभापति पद के लिए दोपहर 2 बजे से 2.30 बजे तक पार्षदों द्वारा मतदान किए जाएंगे। मतदान उपरांत मतगणना और परिणाम की घोषणा की जाएगी।

### जाति समीकरण में एससी वर्ग हावी

बहरहाल तीन तरह की चर्चा चरम पर है। जातिगण समीकरण बैठा तो एससी वर्ग से सबसे ज्यादा छः प्रत्याशी जीतकर आए है। यहां एससी के आधा दर्जन प्रत्याशियों में वार्ड 19 रंजीता पाटिल, 22 कांशीराम कोसरे, 37 शिव नायक, 44 मनीष कोठारी, 47 डां देवनारायण तांडी और 54 हिरौंदी चंदानिया को प्राथमिकता दी जा सकती हैं। इस वर्ग में काशीराम कोसरे का नाम भी पहले नंबर पर है। वहीं दूसरे नंबर पर कुर्मी समाज से देवनारायण चंद्राकर 18, शेखर चंद्राकर 10, आशीष चंद्राकर 11, सरिता चंद्राकर 40, गुलाब वर्मा 39 हैं। इसी तरह साहू वर्ग से मनीष साहु 1, शशि साहू 33, कुलेश्वर साहू 35 और गुलशन साहू 52 हैं। वहीं देवांगन समाज से लीना दिनेश देवांगन 4, गोविंद देवांगन 2 और कमल देवांगन 34 हैं। सेन समाज से सुरूचि सेन 17, ममता सेन 28 और रामचंद्र सेन 38 हैं। एसटी वर्ग से ललिता ठाकुर 14, युवराज कुंजाम 15 और लोकेश्वरी ठाकुर 48 हैं। अग्रवाल वर्ग से निलेश अग्रवाल 6 और संजय अग्रवाल 45 हैं। ब्राम्हण वर्ग से श्याम शर्मा 30 हैं। जैन वर्ग से हर्षिता जैन 31 हैं। ढीमर समाज से नरेन्द्र बंजारे 3, ताम्रकार वर्ग से ज्ञानेश्वर ताम्रकार 9, ठाकुर वर्ग से विद्यावती ठाकुर 21, नीलम सिंह परिहार 59 हैं। निर्मलकर (धोबी) से सरस निर्मलकर 57, सोनकर से रेश्मा सोनकर 58 महोबिया से जीतु महोबिया 32 और गडरिया से लीलाधर पाल 46 व सोनी से मनोज सोनी 23 और मुस्लिम से खालिद रिजवी 8, ईसाई वर्ग से साजन जोसेफ 51 व अन्य वर्ग से सावित्री दमाहे 20 सहित अन्य शामिल हैं।

### प्रक्रिया के तहत घोषणा

पार्टी की क्रियाकलापों के तहत नाम की घोषणा पर्यवेक्षक द्वारा कल ही की जाएगी। सभापति के लिए सिंगल नाम जारी किए जाएंगे।

राजेन्द्र पाध्ये,
चुनाव प्रभारी

# गर्मी दे रही दस्तक, टाउनशिप के कई उद्यान कचरे से पटे



हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

गर्मी का मौसम आहट दे रहा है लेकिन भिलाई नगर निगम अपने उद्यानों को लेकर उदासीन बना हुआ है। कई उद्यानों में गंदगी पसरी है तो कई अधूरे पड़े हैं। इसके चलते क्षेत्रवासियों को परेशानी हो रही है। उल्लेखनीय है कि टाउनशिप में सभी सेक्टरों में बीएसपी के उद्यान हैं। इनके अलावा वर्ष 2004-5 से भिलाई नगर निगम द्वारा भी तत्कालीन विधायक और विधानसभा अध्यक्ष प्रेमप्रकाश पांडेय के कार्यकाल में लोगों की सुविधा के लिए विभिन्न सेक्टरों में जगह जगह उद्यानों का निर्माण कराया गया। पिछले पंद्रह बीस साल के दौरान हर सेक्टर में नगर निगम के दो से पांच उद्यान हैं। लगभग डेढ़ सौ उद्यान हैं। कई सेक्टरों के उद्यान कचरे से पटे हैं। क्षेत्रवासियों ने बताया कि नगर निगम द्वारा नियमित सफाई नहीं कराने से पेड़ों और झाड़ियों के पत्ते आदि खरपतवार से सराबोर हैं। सिविकसेंटर के निकट उद्यान, सेक्टर एक उद्यान, सेक्टर 7 उद्यान, रिसाली सेक्टर पानी टंकी उद्यान और सेक्टर 8 आदि उद्यानों में गंदगी व्याप्त है। इस कारण क्षेत्रवासियों को परेशानी हो रही है। बच्चों को खेलने और महिलाओं और बुजुर्गों को वाकिंग सड़क पर करना पड़ रहा है। क्षेत्रवासियों ने निगम से सभी उद्यानों के नियमित सफाई की मांग की है।

### कई उद्यान हैं अधूरे

टाउनशिप के विभिन्न सेक्टरों में स्थित नगर निगम के कई उद्यान पिछले पांच दस साल से अधूरे पड़े हैं। कहीं फेंसिंग लगाकर छोड़ दिया गया है तो कहीं पाथवे अधूरा है। वहीं कुछ स्थानों पर निर्माण ही शुरु नहीं हुआ है। रिसाली सेक्टर, सेक्टर 6 और सेक्टर 7 और सेक्टर 8 में उद्यानों का निर्माण अधूरा है। क्षेत्रवासियों ने बताया कि गर्मी का मौसम करीब है, इसे देखते हुए नगर निगम को सभी अधूरे उद्यानों को पूर्ण किए जाने की जरुरत है। साथ ही टाउनशिप के सभी उद्यानों को अराजक तत्वों और आवारा लड़के लड़कियों की अराजकता से भी मुक्त कराया जाए, ताकि बच्चे, महिलाएं और बुजुर्गो सुकून और सम्मान से यहां शाम गुजार सकें।

# नपा अहिवारा में अध्यक्ष व पार्षदों ने ली शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

नगर पालिका परिषद अहिवारा में नवनियुक्त अध्यक्ष एवं पार्षदों का शपथग्रहण समारोह सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दुर्ग सांसद विजय बघेल, अध्यक्षता विधायक गजेन्द्र यादव, विशिष्ट अतिथि सांवला राम डाहरे पूर्व विधायक, लाभचंद बाफना पूर्व विधायक, रामश्री निर्मलकर, मंजूलता, नरेन्द्र यादव अध्यक्ष नपा अहिवारा, अशोक बारले , नरेन्द्र धनकर, चंचल बाफना, रितेश अग्रवाल, कमल वर्मा के उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। इस दौरान नवनियुक्त अध्यक्ष विध्यनंद कुशवाहा को लड्डूओं से तोला गया तत्पश्चात पूजा-अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। सांसद विजय बघेल ने अपने उद्बोधन में कहा कि इस शुभ अवसर के आप सभी साक्षी बने हैं। नगर पालिका परिषद के इतिहास गढ़ने वाले 25 साल से आपके वार्ड की सेवा करने वाले विध्यनंद कुशवाहा को आपने अपने दिल में बसा कर और सभी नवनिर्वाचित पार्षदों के सबके अनुभव के लाभ मिलेगा। नया कार्य की शुरुआत की आप सभी को बधाई देता हूं जैसे विध्यनंद कुशवाहा चुनाव लड़ें वैसे ही मैं भी चुनाव लड़ा। श्री बघेल ने कहा कि मानव सेवा ईश्वर सेवा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, सीएम विष्णु देव साय ने जो योजना बनाई है वे योजना को बिना दुसव्यर से मिलकर करो मैं व्यक्तिगत रूप से हमेशा आप के साथ हूं। पूर्व विधायक सांवला राम डहरे ने कहा ने अपने उद्बोधन में कहा कि आपकी रोहमाई करने वाले हैं आप इनका वक्त बेवक्त काम किया करे जो आपको सत्ता में बैठाया है। चार बार के पार्षद पर्यावरण प्रेमी पशु प्रेमी विद्यनंद कुवहा ने अपने उद्बोधन में कहा कि जो कुछ हमने सिखा है सांसद विजय बघेल से ही सिखा है पर्यावरण से प्रेम करना और पशुओ से ये ही हमारी प्राथमिकता है। छत्तीसगढ़ ही नहीं पूरे भारत में पहला नम्बर आएगा।




■ कुशवाहा को लड्डू से तोला गया

# ओए ने किया सेवानिवृत्त अधिकारियों का सम्मान



ओए का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

बीएसपी आफिसर्स एसोसिएशन द्वारा फरवरी 2025 में सेवानिवृत्त अधिकारियों के दीर्घ सेवा एवं उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मान समारोह का आयोजन प्रगति भवन में किया गया। सेफी चेयरमेन और ओए के अध्यक्ष नरेंद्र कुमार बंछोर, महासचिव परविंदर सिंह सहित अंकुर मिश्रा, उपाध्यक्ष तुषार सिंह, अखिलेश मिश्रा आदि पदाधिकारी उपस्थित थे। सेवानिवृत्त अधिकारियों तथा उनकी पत्नियों का पौधे एवं सम्मान राशि प्रदान कर सम्मानित किया गया। सेवानिवृत्तों ने सेवाकाल के अनुभवों को साझा किया। डॉ. जॉली मैथ्यू, एडिशनल सीएमओ निर्मल टोप्पो, जीएम श्री वर्गीस अब्राहम, डीजीएमकृपाशंकर शर्मा, सीनियर मैनेजर डॉ. जय सिंह बघेल, डिप्टी मैनेजर जमील अहमद कुरैशी, डिप्टी मैनेजर प्रवीण राय, बसंत लाल बंजारे, असिस्टेंट मैनेजर का सम्मान किया गया।

### उपलब्धियों में अहम योगदान

श्री बंछोर ने कहा कि नरेंद्र कुमार बंछोर ने कहा कि बीएसपी द्वारा जो उपलब्धियां हासिल किया गया है उन्हें हासिल करने में आप जैसे कर्तव्यनिष्ठ अधिकारियों का अहम योगदान है। एक्स-ओए अध्यक्ष एसआर दास ने भी एक्स-ओए के कार्यों के बारे में सभी को अवगत कराया। महासचिव परविन्दर सिंह सेवानिवृत्त अधिकारियों के उज्जवल भविष्य व सुखद स्वास्थ्य की कामना की । और कहा कि अधिकारीगण सेवा में रहकर संयंत्र व सेल को नई उँचाईयो तक पहुँचाने मे उल्लेखनीय योगदान दिये हैं। कार्यक्रम का संचालन ओए जोनल प्रतिनिधि जितेन्द्र मानिकपुरी ने किया।
कार्यक्रम में जोनल प्रतिनिधि सर्वश्री रेमी थामस, एससी साहू, अभिषेक कोचर, जीपी सोनी, डीपीएस बरार, एमएआर शरीफ, अजय चौरसिया, शैलेश कुमार मालवीय, राजेन्द्र मंत्री व एक्स ओए के अध्यक्ष एस आर दास, महासचिव जे बी पाटिल आदि उपस्थित थे।

### कोसानाला स्थित कांजी हाउस को करें व्यवस्थितः आयुक्त

भिलाई। वार्ड-5 कोसानगर में नगर निगम भिलाई का शहरी कांजी हाउस स्थापित किया गया है। जो भिलाई नगर रेल्वे स्टेशन के समीप है। वहां पर वर्तमान में अभी लगभग 500 से अधिक शहर में घुमने वाले मवेशियों को पकड़कर रखा गया है। जिनके कारण सड़कों, बाजारों, चौक-चौराहो पर दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है। उनके चारे, पानी की व्यवस्था भी नगर निगम भिलाई द्वारा किया जा रहा है।

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई
जिला दुर्ग (छ.ग)

### ईश्तहार

राजस्व प्रकरण क्रमांक अ/6-अ
2024-2025

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक रविन्द्र नाथ पाण्डेय आ. स्व. केदारनाथ साकिन स्मृति नगर भिलाई द्वारा ग्राम कोहका प.ह.न. 45 तहसील व जिला दुर्ग में उसके नाम पर भूमि ख.न. 7580 रकबा 0.016हे. को रजिस्टर्ड बैनामा के माध्यम से क्रय किया था, जिसका नामान्तरण पश्चात ऋण पुस्तिका प्राप्त हो गया था, परन्तु वर्तमान अभिलेख में ऑनलाईन में रकबा 0.010हे., 0.016हे. को सुधार किये जाने के सबंध में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है, जिस पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उपरोक्त भूमि को रकबा 0.016 हे. सुधार किये जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 21/03/25 तक या उसके पूर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 04/03/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर के साथ जारी किया गया।

अतिरिक्त तहसीलदार
भिलाई नगर

### आम सूचना

मैं अपने पक्षकार श्रीमती प्रभा यादव पति दुबासु यादव वार्ड नंबर 06, ठेठवारा पारा दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग से प्राप्त अधिकार व उनके द्वारा दिये निर्देशानुसार सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्रीमती प्रभा यादव पति दुबासु यादव, निवासी वार्ड नंबर 06 ठेठवारा पारा दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग में निवास करती है, जो कि मेरे पक्षकार के पिता का नाम स्व. भागीरथी यादव है तथा मेरे पक्षकार की माँ का नाम श्रीमती इंदिरा बाई है, जिसकी स्वर्गवास हो चुकी है, स्व. इंदिरा बाई के विधिक वारिस में मेरे पक्षकार दो बहन व एक भाई होते है नाम क्रमशः श्रीमती प्रतिभा यादव, श्रीमती प्रभा यादव, व पराग यादव है जिसमें से मेरे पक्षकार के भाई पराग यादव की स्वर्गवास हो चुकी है, उसके वारिस में उसके पत्नि का नाम श्रीमती द्रोपति यादव व उसके एक मात्र पुत्र गिरधर यादव है!

यह कि मौजा खास दुर्ग, प.ह.नं. 24, रा.नि.मं दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग में खसरा नंबर 947/3, 947/4 रकबा 0.008, 0.004हे, भूमि में मेरे पक्षकार के माँ इंदिरा बाई के नाम से राजस्व रिकार्ड में भूमि स्वामी हक में नाम दर्ज थी, जिसमें मेरे पक्षकार के भाई स्व. पराग यादव के पुत्र गिरधर यादव द्वारा श्रीमान नायब तहसीलदार महोदय दुर्ग के समक्ष अपने आपको उक्त जमीन का एक अकेला वारिसान बताकर, व न्यायालय को गुमराह में रखकर मेरे पक्षकार व उसकी बहन को बिना जानकारी दिये व बिना सूचना दिये उक्त जमीन पर अपने व अपनी मां द्रोपति यादव का नाम राजस्व रिकार्ड में दर्ज करवा लिया है. इसकी जानकारी मेरे पक्षकार को तब मिली जब हल्का पटवारी के पास वर्तमान नकल लेने गई तब नकल देखने पर पता चला कि माता की संपत्ति में गिरधर यादव ने एक अकेला वारिस बताकर अपने व अपने माँ का नाम दर्ज करवा लिया है, तहसीलदार दुर्ग के प्रकरण क्रमांक 202201100700190 अ-6वर्ष 2021-22 व आदेश दिनांक 22.02.2022 है, तब मेरे पक्षकार ने श्रीमान तहसीलदार दुर्ग के उक्त आदेश के विरूद्ध श्रीमान अनुविभागीय अधिकारी महोदय दुर्ग के समक्ष अपील प्रस्तुत की जिस अपील आवेदन को स्वीकार कर व प्रकरण कर्मांक 202407100400534अ-6-वर्ष 2021-22 पंजीबद्धकर आवेदिका के अपील, आवेदन को स्वीकार करते हुये अधिनस्थ न्यायालय श्रीमान तहसीलदार महोदय दुर्ग के आदेश को दिनाक 22/11/2024 निरस्त किया गया है, तथा इस निर्देश के साथ प्रत्यावर्तित किया गया है कि भूमि स्वामी इंदिरा बाई के समस्त विधिक वारिसानों का पक्ष श्रवण करते हुये नामांतरण की कार्यवाही किया जावे, जिसके तहत वर्तमान में श्रीमान तहसीलदार महोदय, दुर्ग के समक्ष प्रकरण लंबित है! इस बात की जानकारी गिरधर यादव व उसके मां द्रोपति यादव को भी है, इसके बावजूद उक्त वर्णित जमीन को बिक्री करने का अवैधानिक प्रयास किया जा रहा है ऐसा जानकारी मेरे पक्षकार को हुई है।

अतः सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि मौजा खास दुर्ग में स्थित जमीन खसरा नंबर 947/3, 947/4 रकबा 0.008, 0.004 हे., भूमि मे मेरे पक्षकार श्रीमती प्रभा यादव व उसकी बहन प्रतीभा यादव की भी हक, हिस्सा व अधिकार निहित है, इस बात की जानकारी हुये भी गिरधर यादव व उसके माँ द्रोपति यादव द्वारा बिक्री किये जाने का असफल प्रवास किया जा रहा है, इसलिये वर्णित जमीन को कोई भी व्यक्ति, संस्था, निजीनिकाय, शासकीय, अशासकीय, अर्द्धशासकीय संस्था, रिस्ते, नाते, या अन्य कोई वारिसान इत्यादि ना खरीदे अन्यथा, बिक्री करने की स्थिति में मेरे पक्षकार द्वारा विक्रेता व क्रेता दोनो के विरूद्ध कानूनी कार्यवाही की जावेगी जिसकी संपूर्ण जवाबदारी विक्रेता व क्रेता की होगी।

सो सूचना जाने
स्थान दुर्ग,
दिनांक 06/03/2025

भवदीय
बलराम सिंह वर्मा अधिवक्ता
तहसील परिसर, दुर्ग (छ.ग.)
मो. 9300665251
सदस्य-जिला अधिवक्ता संघ दुर्ग

## नेशनल लोक अदालत 8 मार्च को

# न्यायालय में लंबित प्रकरणों का लोक अदालत में निर्णय होः मुख्य न्यायाधिपति

हरिभूमि न्यूज ▶▶|दुर्ग

वर्ष 2025 की प्रथम नेशनल लोक अदालत 8 मार्च 2025 की तैयारियों के संबंध में मुख्य न्यायाधिपति छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय-सह-मुख्य संरक्षक छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण न्यायमूर्ति रमेश सिन्हा की अध्यक्षता, न्यायाधीश छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय-सह-कार्यपालक अध्यक्ष छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण न्यायमूर्ति संजय के. अग्रवाल तथा न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति न्यायमूर्ति नरेश कुमार चन्द्रवंशी की विशिष्ट उपस्थिति में समस्त जिलों के प्रधान जिला न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं उनके सचिव, फैमिली कोर्ट के प्रधान न्यायाधीश, न्यायाधीश, अध्यक्ष स्थायी लोक अदालत (जनोपयोगी सेवा), मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, श्रम न्यायालय के न्यायाधीशों की संयुक्त रूप से बैठक छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय से विडियो कान्फ्रेसिंग के माध्यम से ली गई। उक्त बैठक में मुख्य न्यायाधिपति छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय-सह-मुख्य संरक्षक छत्तीसगढ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण न्यायमूर्ति मेश सिन्हा ने सभी न्यायाधीशों को संबोधित करते हुए व्यक्त किया कि जिस गति से न्यायालय में लंबित मामलों की संख्या बढ़ रही है, उसमें यह जरूरी है कि लोक अदालतों के आयोजन में राजीनामा योग्य मामलों का पक्षकारों की आपसी सहमति से विधि सम्मत निराकरण करने का सभी संभव प्रयास किया जाए। मुख्य न्यायाधिपति रमेश सिन्हा ने इस बात पर जोर दिया कि लोक अदालतों के माध्यम से निराकृत प्रकरणों का लाभ जहां मामले के दोनों पक्षकारों को मिलता है वहीं ऐसे मामलों के निराकृत होने से न्यायालयों में भी लंबित मामलों की संख्या कम होती है, जिससे न्यायालय के पीठासीन अधिकारी राजीनामा योग्य मामलों से हटकर अन्य प्रकृति के लंबित मामलों को निराकृत करने में न्यायालयीन कार्य दिवसों में अधिक समय दे पाते हैं। मुख्य न्यायाधिपति सिन्हा ने 08 मार्च को आयोजित होने जा रही नेशनल लोक अदालत में राजीनामा प्रकृति के सभी सिविल, आपराधिक एवं अन्य प्रकरणों को अधिक से अधिक संख्या में चिन्हांकित कर विधिवत निराकरण पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता बताई। उन्होंने कहा कि पक्षकारों की सहमति से एवं विधि अनुसार अधिक-से-अधिक राजीनामा योग्य मामलों का निराकरण करने के लिए लोक अदालतों का आयोजन किया जाता है।



### लोक अदालत और राजस्व मामले भी सुलझेंगे

अवगत हो कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा), नई दिल्ली के निर्देशानुसार वर्ष 2025 हेतु निर्धारित कैलेण्डर अनुसार नेशनल लोक अदालत का आयोजन 8 मार्च को उच्च न्यायालय से लेकर तहसील न्यायालयों के साथ-साथ राजस्व न्यायालयों में भी आयोजित किया जा रहा है। छ.ग. के सभी जिलों से प्राप्त अब तक की जानकारी अनुसार 1145874 प्री-लिटिगेशन मामले तथा 66811 न्यायालयों में लंबित सहित कुल 1212685 मामलों का चिन्हांकन किया जा चुका है, जिनके पक्षकारों के मध्य राजीनामा के लिए रखा गया है।

HEALTH TOWN
अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभात टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 8103128515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
सिर, मुख एवं गले का कैंसर।
ऑपरेशन द्वारा इलाज
नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जाँच
एलर्जी
Dental & Cosmetic Treatments
टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
दांतों में का नसों का इलाज
दांतों की सफाई व चमकाना
दंत प्रत्यारोपण
मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

खबर संक्षेप



## मटंग स्कूल में बच्चों को मिला न्योता भोजन

**सेलूद।** शा. प्रा. शाला शाला मटंग में ग्रामीण कमल नारायण बारले ने अपने पत्नी सावित्री बारले पुत्र हर्ष बारले सहित गिरौदपुरी धाम में मेला के समापन दिवस के अवसर पर बच्चों को न्योता भोज कराया। शासकीय प्राथमिक शाला के समस्त छात्र छात्राओं व पूरे शिक्षक स्टॉफ को न्योता भोजन कराया। इस न्योता भोज में पूड़ी, खीर, मटर पनीर की सब्जी, दाल, सलाद, पापड़ परोसा गया। इस पर समस्त शिक्षक स्टॉफ, रसोइया ग्रामीण जन सहित छात्र-छात्राओं ने न्योता भोज कराने के कार्य को सराहा।

निधन

### भुवन लाल वर्मा



**भिलाई।** सेवानिवृत्त शिक्षक भुवन लाल वर्मा उम्र 84 वर्ष का हॉस्पिटल में इलाज के दौरान गुरुवार को सुबह 7.32 बजे निधन हो गया है। मृत देह को अंतिम दर्शन एवं श्रद्धांजलि के लिए ग्राम झाड़मोखली, तहसील पाटन में 6 मार्च को सुबह 10.30 बजे से 11.30 बजे तक रखा गया, तत्पश्चात अंतिम यात्रा देहदान के लिए मेडिकल कॉलेज प्रस्थान किया गया। वे रामनाथ, माधव प्रसाद, रेखराम एवं निवर्तमान जिला भाजपा अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा के पिता थे।

### सिया देवी शर्मा



**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र शिक्षा विभाग के सेवानिवृत्त कर्मी स्व. सीएम शर्मा की पत्नी सिया देवी शर्मा उम्र 80 वर्ष का निधन गुरुवार को हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 7 मार्च को दोपहर 2 बजे प्लाट नंबर-4 कादंबरी नगर दुर्ग स्थित निवास से शिवनाथ नदी मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे अपने पीछे दो पुत्र मनीष शर्मा एवं मनोज शर्मा और चार पुत्रियां नीलम भार्गव, अनीता सरकार, अंजू देसाई एवं संगीता धीर सहित भरापूरा परिवार छोड़ गईं हैं। वे पत्रकार प्रशांत सरकार की सास थीं।

### हितेश कुमार देशमुख



**भिलाई।** चंगोरी निवासी हितेश कुमार देशमुख उम्र 59 का निधन 6 मार्च को हो गया। उनका अंतिम संस्कार गृहग्राम चंगोरी में किया गया। वे स्व. राधेलाल के पुत्र एवं लोकेश्वर, रामकुमार, चंद्रशेखर देशमुख के भाई और साकेत व योगिता देशमुख के पिता थे।

# निकुम आश्रम में वीरभद्र महायज्ञ व प्राण प्रतिष्ठा समारोह की व्यापक तैयारी शुरू

## जय शक्ति आश्रम निकुम में संस्थापक संत श्री माता जी द्वारा 30 मार्च से 6 अप्रैल तक चलेगा कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

निकुम की जय शक्ति आश्रम की पावनधरा में एक और बड़ा धार्मिक कार्यक्रम आयोजित होने जा रहा है। आश्रम के संत श्री माता जी के द्वारा यहां पर वीरभद्र महायज्ञ और प्राण प्रतिष्ठा समारोह का आयोजन होगा।

यह आयोजन 30 मार्च से 6 अप्रैल तक चलेगा। यह महायज्ञ व प्राण प्रतिष्ठा समारोह इसलिए भी विशेष है कि यह नवरात्र के मौके पर आयोजित किया गया है। इस आयोजन की व्यापक तैयारी शुरू हो गई है।

### सुबह 11 से दोपहर 1 बजे तक आहुति देंगे

वीरभद्र महायज्ञ और प्राण प्रतिष्ठा समारोह की जानकारी देते हुए जय शक्ति आश्रम निकुम के संत श्री माता जी ने बताया कि नवरात्र पर्व का विशेष महत्व है। इसलिए हर दिन सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक आहुति श्रद्धालु देंगे। इसके लिए यज्ञ मंडप का निर्माण किया जा रहा है। जहां श्रद्धालुगण अपनी मनोकामना को पूरा करने की प्रार्थना करेंगे।





### तीर्थराज देवि निकुंभला मंदिर व नगरी निर्माण

संत श्री माता जी ने बताया कि परिसर 25 एकड़ क्षेत्रफल में फैला हुआ है। जिसमें तीर्थराज देवि निकुंभला मंदिर और नगरी का निर्माण कार्य होना है। इस निर्माण कार्य के लिए चार एकड़ मंदिर और 7 एकड़ परकोटा निर्धारित किया गया है। मंदिर और नगरी निर्माण के उद्देश्य को लेकर यहां पर यज्ञाहुति का आयोजन किया जा रहा है।

### वीरभद्र मंदिर निर्माण पूर्ण

जयशक्ति आश्रम निकुम में वीरभद्र मंदिर का निर्माण संत श्री माता जी ने पूर्ण करवाया है। इस मंदिर में वीरभद्र की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। इस दौरान वीरभद्र महायज्ञ भी चलेगा। नवरात्र पर्व पर आश्रम में यज्ञ करवाते रहे हैं। लेकिन यह यज्ञ अलग है। संत श्री माता जी द्वारा विभिन प्रकार के महायज्ञ करवाने की वजह से ही यह धरा पावन होती जा रही है।

### भगवान के शिव के अवतार हैं वीरभद्र

संत श्री माता जी ने बताया कि वीरभद्र को शिव का अंशावतार माना गया है। भगवान शिव के वीरभद्र अवतार ने न केवल दक्ष के यज्ञ का विध्वंस कर दिया बल्कि दक्ष का सिर काटकर शिवजी के समक्ष रख दिया। लेकिन ऋषि-मुनियों और देवताओं की विनती के बाद शिवजी ने राजा दक्ष के सिर पर बकरे का सिर लगाकर उन्हे जीवनदान दे दिया। शिव से उत्पन्न होने के कारण वीरभद्र को शिव का अंशावतार माना गया है।

क्रमशः

## नगर पालिका परिषद अमलेश्वर और ग्राम पंचायत केसरा में शपथ ग्रहण समारोह

# पार्षदों के साथ सामंजस्य स्थापित कर नगर का विकास करेंगे: नपा अध्यक्ष दयानंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाटन

दुर्ग जिला अंतर्गत नगर पालिका परिषद अमलेश्वर के प्रथम निर्वाचित अध्यक्ष एवं पार्षद गण का शपथ ग्रहण समारोह 6 मार्च को वार्ड क्रमांक 1 हाई स्कूल खेल मैदान में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि दुर्ग सांसद विजय बघेल रहे। विशिष्ट अतिथि रामशिला साहू पूर्व मंत्री, पूर्व राज्य मंत्री पूनम चंद्राकर, जनपद अध्यक्ष कृति नायक, दुर्ग जिला भाजपा, सुरेंद्र कौशिक जिला भाजपा अध्यक्ष, कमलेश चंद्राकर मंडल अध्यक्ष, नीलम चंद्राकर जिला पंचायत सदस्य, हर्षा लोकमनी चंद्राकर पूर्व जिला पंचायत सदस्य, मीना वर्मा नगर पालिका अध्यक्ष कुम्हारी, लोकमनी चंद्राकर पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष, उपकार चंद्राकर प्रदेश महामंत्री युवा मोर्चा, कैलाश यादव महामंत्री भाजपा अमलेश्वर मंडल, फेरहा राम धीवर सांसद प्रतिनिधि, मोहन साहू युवा मोर्चा अध्यक्ष की उपस्थिति में शपथ ग्रहण समारोह संपन्न हुआ।

पालिका अध्यक्ष दयानंद सोनकर के साथ पार्षद डॉ आलोक पाल भाजपा, घनश्याम साहू कांग्रेस, राजू सोनकर निर्दलीय, भेज लाल सोनकर कांग्रेस, दीपक घीघोड़े कांग्रेस, ललिता साहू भाजपा, खूबी राज सोनकर निर्दलीय, डोमनलाल यादव कांग्रेस, मालती साहू कांग्रेस, सविता रामनाथ ठाकुर भाजपा, ओमप्रकाश साहू कांग्रेस, लेखनी साहू कांग्रेस, सेवती निषाद कांग्रेस, मीना रानी चेलक कांग्रेस, यामिनी मनोज यादव भाजपा, सोहन निषाद भाजपा, हेमलाल साहू कांग्रेस, नीलम मिंज ने शपथ ली।

नगर पालिका परिषद अम्लेश्वर के प्रशासक एसडीएम पाटन ने अध्यक्ष सहित सभी पार्षद गण को बारी-बारी से शपथ दिलाई। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक मोहित शर्मा ने किया। समापन की घोषणा महामंत्री कैलाश यादव ने किया। शपथ ग्रहण समारोह पश्चात प्रथम अध्यक्ष दयानंद सोनकर ने मीडिया से जानकारी शेयर करते हुए कहा कि पूरे 18 पार्षदों के साथ सामंजस स्थापित करके नगर का विकास करेंगे नगर को मूलभूत सुविधाओं से सुसज्जित करेंगे जिसके लिए नगर वासियों का सहयोग मिलेगा। कार्यक्रम की तैयारी नगर पालिका परिषद अमलेश्वर के प्रशासक लवकेश ध्रुव एवं मुख्य नगर पालिका कार्यपालन अधिकारी प्रीति गुप्ता के निर्देशानुसार कर्मचारियों के द्वारा किया गया। शपथ ग्रहण समारोह के दौरान भाजपा नेता संजय बघेल, राजेश चंद्राकर, राम अवतार साहू, जनपद सदस्य प्रणव शर्मा, राजा पाठक, प्रदेश प्रशिक्षण प्रमुख सुरेंद्र साहू, राजू साहू, रवि सिंगौर, मोहन लोधी, पूर्व जनपद सदस्य घनश्याम कौशिक,धर्मेंद्र सोनकर, अजीत ठाकुर, कुमार साहू, महेंद्र साहू सोनू साहू, शिवा साहू, सुखदेव साहू, विकास सोनी, कमलेश साहू, अखिलेश मिश्रा, ओमप्रकाश साहू, पुरण लाल साहू, मनोहर साहू, देवा ठाकुर, रेवती सोनकर,भारती यादव, लक्ष्मी देवांगन सहित बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित थे।

### नपा अध्यक्ष सोनकर सहित 18 पार्षदों ने ली शपथ



### नव निर्वाचित सरपंच व पंचों ने ली शपथ

**पाटन।** ग्राम पंचायत केसरा में डॉ. ईश्वर निषाद सरपंच एवं समस्त पंचों ने पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। मुख्य अतिथि अशोक साहू पूर्व उपाध्यक्ष जिप दुर्ग ने सरपंच सहित सभी पंचों को बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए ग्राम विकास एवं समरसता से सबका सम्मान, उपलब्धि हासिल करने की प्रेरणा दिए। जनहित कार्यों को विशेष ध्यान रखना चाहिए। सरपंच ने घोषणा के अनुसार सभी बेटियों को सम्मान राशि प्रदान करने बधाई प्रेषित किए। इस अवसर पर तेजराम सिन्हा, गजानंद सिन्हा, मनहरण सिन्हा, मदन यादव, हरिनाथ सिन्हा, नोमान्त सिन्हा, लक्की सिन्हा, सागर सिन्हा, संतु सिन्हा, केसरी निषाद, जयंती निषाद, माधो सिन्हा, सुकलाल सिन्हा, बसंत सिन्हा, घनाराम सिन्हा, संतोष सिन्हा, रोमनाथ, कोनिका पटेल, लता ठाकुर, ताम्रध्वज निषाद, पुष्पा सिन्हा, रोहणी निर्मल, लीला सिन्हा, नेत निषाद, रिंकी सिन्हा, अंजू यादव, उषा साहू, भगवानी सिन्हा, हेमिन निषाद, सचिव बिहारी साहू, डॉ. महतो, रोजगार सहायक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका सहित ग्राम पंचायत की टीम एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।



# गीता हमें निष्काम कर्म की महत्ता को समझाती है: विधायक ललित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

ग्राम पिसेगांव में कोसरिया यादव समाज द्वारा आयोजित सामाजिक वार्षिक सम्मेलन और गीता पूजन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर हुआ और भगवान श्री कृष्ण एवं श्रीमद्भागवत गीता का पूजा अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया। वहीं प्रदेशवासियों की खुशहाली की कामना किया। साथ ही समाज के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं प्रबुद्ध जनों को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि विधायक ललित ने कहा कि हम गीता पूजा एवं कोसरिया यादव समाज के वार्षिक सम्मेलन कार्यक्रम के अवसर पर एकत्रित हुए हैं। यह कार्यक्रम हमें भगवान श्रीकृष्ण के उपदेशों को समझने और उनका पालन करने का अवसर प्रदान करता है।श्रीमद्भगवद्गीता हमारे जीवन को सही दिशा में ले जाने का एक महत्वपूर्ण मार्गदर्शक है। इसमें भगवान श्रीकृष्ण ने अर्जुन को जीवन के मूल्यों और कर्तव्यों के बारे में उपदेश दिया है। गीता हमें कर्म की महत्ता को समझाती है, यह हमें अपने कर्तव्यों को पूरा करने के लिए प्रेरित करती हैं गीता हमें निष्काम कर्म की महत्ता को समझाती है। यह हमें अपने कर्मों को बिना किसी अपेक्षा के करने के लिए प्रेरित करती है गीता हमें आत्म-साक्षरता की महत्ता को समझाती है। यह हमें अपने आप को समझने और अपने जीवन को सही दिशा में ले जाने के लिए प्रेरित करती है।आइए हम गीता के उपदेशों को अपने जीवन में उतारें और अपने जीवन को सही दिशा में ले जाएं।

- कोसरिया यादव समाज ने किया गीता पूजा कार्यक्रम व वार्षिक सम्मेलन

श्री चंद्राकर ने आगे कहा कि यादव समाज स्वाभिमानी समाज है। समाज ने अपनी संस्कृति और विरासत को संभाल कर रखा है। उन्होंने समाज के सभी क्षेत्रों में यादव समाज को आगे बढ़कर कार्य करने प्रेरित किये। सभी को इस सफल आयोजन के लिए हार्दिक शुभकामनाएं। इस दौरान रामेश्वर रावत, बरातु राम यादव, सरपंच चंदखुरी सुरेश कुमार राउत, भोजराम यादव, संतराम यादव और समस्त कोसरिया यादव समाज के लोग उपस्थित थे।

# मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज का वार्षिक अधिवेशन 9 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज दुर्ग-राज का वार्षिक अधिवेशन 9 मार्च को शासकीय हाईस्कूल मैदान ननकट्ठी के स्व. बिसाहूराम स्मृति सभा स्थल में सुबह 8 बजे से आयोजित है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भूपेश बघेल पूर्व मुख्यमंत्री छ ग शासन, अध्यक्षता खोडस राम कश्यप केन्द्रीय अध्यक्ष मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज, संयोजक ईश्वरी वर्मा राजप्रधान मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज दुर्ग-राज होंगे। विशिष्ट अतिथिगण विजय बघेल सांसद दुर्ग- लोकसभा, टंकराम वर्मा राजस्व मंत्री छग शासन, डोमन लाल कोर्सेवाडा विधायक अहिवारा विधानसभा, अल्का बाघमार महापौर दुर्ग नगर निगम, मीना वर्मा अध्यक्ष नगर पालिका परिषद कुम्हारी, पूर्णिमा वर्मा जनपद सदस्य करंजा भिलाई, नरेन्द्र बंछोर सेफी अध्यक्ष, केशव बंछोर सभापति नगर निगम रिसाली, सरिता बघेल केन्द्रीय महिला अध्यक्ष, चंद्रकांत वर्मा केन्द्रीय युवा अध्यक्ष, सीता राम वर्मा पूर्व केन्द्रीय अध्यक्ष, मन्नूलाल परगनिहा पूर्व केन्द्रीय अध्यक्ष, मनोज वर्मा अध्यक्ष भोला कुर्मी छात्रावास, सुशील साहू सरपंच ननकट्ठी, भुनेश्वरी वर्मा पूर्व सरपंच ननकट्ठी होंगी। इस कार्यक्रम में दसों राज के राजप्रधानगण भी विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

कार्यक्रम में उत्कृष्ट विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी तथा अन्य क्षेत्रों में भी विशेष योग्यता रखने वालों को प्रतिभा सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। राज प्रधान द्वारा अतिथियों का सम्मान तथा समाज में सालभर के गतिविधियों का ब्यौरा प्रस्तुत किया जाएगा। राजमंत्री द्वारा समाज के विभिन्न क्रियाकलापों पर अपना प्रतिवेदन तथा कोषाध्यक्ष द्वारा आय-व्यय से संबंधित लेखा जोखा प्रस्तुत किया जाएगा साथ ही विभिन्न विषयों पर चर्चा की जाएगी।

## नवनिर्वाचित अध्यक्ष व पार्षदों का शपथ ग्रहण समारोह कल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उतई

नगर पंचायत उतई के नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं पार्षदों का शपथ ग्रहण समारोह 8 मार्च को सुबह 10 बजे कार्यालय नगर पंचायत परिसर में होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद दुर्ग विजय बघेल होंगे।अध्यक्षता दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर करेंगे।विशेष अतिथि जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक,जिला भाजपा कार्यालय प्रभारी मनोज सोनी,पूर्व मंडल अध्यक्ष शैलेन्द्र शेंडे,उतई भाजपा मंडल अध्यक्ष शीतला ठाकुर होंगी। उक्त जानकारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी राजेंद्र नायक ने दिया।

# नवनिर्वाचित अध्यक्ष मीना ने संभाला नगर पालिका का पदभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुम्हारी

नवनिर्वाचित नगर पालिका परिषद कुम्हारी अध्यक्ष मीना वर्मा ने गुरुवार को नगरपालिका में अपना पदभार संभाला। इसके पूर्व सुबह 11.30 बजे पालिका पहुंचते ही मुख्य नगर पालिका अधिकारी नेतराम चंद्राकर ने वर्मा का स्वागत किया । पालिका परिसर में अध्यक्ष ने सर्वप्रथम तुलसी का पौधा लगाया साथ ही दो अन्य पौधे भी लगाए। पालिका में प्रवेश के पूर्व उन्होंने पालिका की सीढ़ी में मत्था टेका और प्रार्थना कर अंदर प्रवेश किया तत्पश्चात उन्होंने कार्यकर्ताओं एवं पार्षदगण से विस्तृत चर्चा की। वहीं स्थानीय प्रेस क्लब के पत्रकारों के साथ बातचीत कर उनका आभार व्यक्त किया एवं पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। उन्होंने पत्रकारों से चर्चा करते हुए नगर के विकास के लिए सबके मार्गदर्शन, सहयोग एवं प्रयास से जनहित के कार्यों को पूरा करने की बात कही। इस मौके पर पालिका के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने बधाई देते हुए परिचयात्मक भेंट किया। इस दौरान भाजपा पार्षद उमाकांत साहू, पंकज वर्मा, प्रणव श्रीवास्तव, सुजीत यादव, गोविंद बघेल, दीपक बैस, अमित नंदेश्वर, सुरज यादव, पूर्व पार्षद रागिनी निषाद, साधना स्वर्णकार, सुनीता कुर्रे, तृप्ति चंद्राकर, जूही चंद्राकर, जुली सिंह आदि उपस्थित थे।

- पालिका के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने बधाई देते हुए परिचयात्मक भेंट किया



बिजनेस साइट

## आरोग्यम अस्पताल की बड़ी सफलता: दुर्लभ पेनाइल फ्रैक्चर के साथ पेशाब नली कट जाने की जटिल सर्जरी हुई सफल

**भिलाई।** चिकित्सा जगत में एक बार फिर आशा की किरण जली, जब आरोग्यम अस्पताल के डॉक्टरों ने 46 वर्षीय मरीज के पेनाइल फ्रैक्चर के साथ पेशाब नली कट जाने का जटिल ऑपरेशन सफलतापूर्वक पूरा किया। इस दुर्लभ और चुनौतीपूर्ण सर्जरी ने मरीज को न केवल असहनीय दर्द से मुक्ति दिलाई, बल्कि उनके सामान्य जीवन को भी पटरी पर लौटाया। खैरागढ़ निवासी उक्त व्यक्ति संभोग के दौरान लिंग में चटकने की आवाज के साथ गंभीर चोट से घायल हो गया। तेज दर्द, सूजन के बाद रक्तस्राव के कारण उन्होंने तुरंत चिकित्सकीय सहायता ली। आरोग्यम अस्पताल के विशेषज्ञ डॉ. नवीन राम दारुका ने जांच के बाद पुष्टि की कि यह मामला पेनाइल फ्रैक्चर के साथ पेशाब नली कट जाने का है, जो कि एक दुर्लभ और गंभीर स्थिति होती है। डॉक्टरों की अनुभवी टीम ने बिना देर किए ऑपरेशन का निर्णय लिया। पूरी प्रक्रिया अत्यंत जटिल थी, लेकिन विशेषज्ञता और नवीनतम तकनीकों के इस्तेमाल से डॉक्टरों ने इसे सफलतापूर्वक पूरा किया। ऑपरेशन के बाद मरीज तेजी से स्वस्थ हो रहा है और जल्द ही सामान्य जीवन जीने की उम्मीद है। आरोग्यम अस्पताल के प्रमुख यूरोलॉजिस्ट डॉ. नवीन राम दारुका ने बताया, पेनाइल फ्रैक्चर एक दुर्लभ स्थिति होती है, लेकिन समय पर सर्जरी से इसे ठीक किया जा सकता है। हमारा लक्ष्य मरीज को दर्द और जटिलताओं से मुक्त कर सामान्य जीवन प्रदान करना था, जिसमें हम सफल रहे। चिकित्सकों ने सभी को जागरूक करते हुए कहा कि इस प्रकार की समस्या को हल्के में न लें। समय पर उपचार नहीं लेने से पुरुष नपुंसकता का शिकार भी हो सकते हैं, इलाज समय पर मिले तो गंभीर जटिलताओं से बचा जा सकता है और पूर्ण स्वस्थ जीवन संभव है।



## हैंडबाल प्रतियोगिता में श्री शंकरा विद्यालय वृत्त खंड 10 की उपलब्धि

**भिलाई।** भारतीय स्कूल खेल महासंघ की ओर से राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित हैंडबॉल प्रतियोगिता में सब जूनियर वर्ग में श्री शंकरा विद्यालय वृत्त खंड -10 के कक्षा सातवीं की छात्रा अनन्या त्रिपाठी ने प्रथम पुरस्कार स्वर्ण पदक प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया। शिक्षा विभाग द्वारा छात्रा को प्रमाण पत्र एवं 21 हजार रूपए नकद राशि प्रदान कर पुरस्कृत किया गया। प्राचार्य बिपिन देशमुख, उप प्राचार्य विजयन बी., शाला प्रबंधन समिति के सचिव एस.स्वामीनाथन एवं समस्त शालेय परिवार ने छात्रा को बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



## श्रीमद्भागवत कथा में प्रहलाद चरित्र व वामन अवतार का प्रसंग सुनाया

# पिता कुमार्ग पर चले तो पुत्र का कर्तव्य है उसे सही मार्ग पर लाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा





श्री विष्णु धाम महायज्ञ ओटेबंद बगीचा में चल रही श्रीमद् भागवत महापुराण में चतुर्थ दिवस की कथा सुनाते हुए वृंदावन से आए कथा प्रवक्ता श्रद्धेय प्रमोद कृष्ण दास ने परिवार प्रबंधन पर जोर दिया। प्रहलाद चरित्र व वामन अवतार का वर्णन किया। उन्होंने कथा के दौरान कहा कि मनु और शतरूपा के दो पुत्र और तीन पुत्रियां हुईं। पुत्रों के नाम प्रियव्रत और उत्तानपाद। राजा उत्तानपाद की दो रानियां थीं। एक का नाम सुरुचि और दूसरे का नाम सुनीति था। राजा सुरुचि को अधिक प्यार करते थे। उनके पुत्र का नाम उत्तम और सुनीति के पुत्र का नाम ध्रुव था। बालक ध्रुव एक बार पिता की गोद में बैठने की जिद करने लगता है, लेकिन सुरुचि उसे पिता की गोद में बैठने नहीं देती है। ध्रुव रोता हुआ मां सुनीति को सारी बात बताता है।

मां की आंखों में आंसू आ जाते हैं और वह ध्रुव को भगवान की शरण में जाने को कहती हैं। पांच वर्ष का बालक ध्रुव राज्य छोड़कर वन में तपस्या के लिए चला जाता है। नारद जी रास्ते में मिलते हैं और ध्रुव को समझाते हैं कि मैं तुम्हें पिता की गोद में बैठाउंगा, लेकिन ध्रुव ने कहा कि पिता की नहीं अब परमपिता की गोद में बैठना है। कठिन तपस्या से भगवान प्रसन्न हो वरदान देते हैं। भक्त प्रहलाद की कथा सुनाते हुए व्यास ने कहा कि पिता अगर कुमार्ग पर चले तो पुत्र का कर्तव्य है उसे सही मार्ग पर लाए। तमाम विपरीत परिस्थितियों के बाबजूद प्रहलाद ने भक्ति का मार्ग नहीं छोड़ा। भगवान ने नरसिंह रूप में अवतार लेकर हिरण्यकश्यप का वध कर अपने परमधाम को पहुंचाया। बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल रहे।

भागवत प्रवचन के परीक्षित में बैठे हैं शेर सिंह देशमुख और केजिया बाई देशमुख मंदिर के सदस्य बिरेन्द्र दिल्लीवार, लवकुश चंद्राकर, बब्ला चंद्राकर, पुरूषोत्तम चन्द्राकर, भगवान सिंह चन्द्राकर, रोहित चंद्राकर, टिकेन्द्र साहू एवं समस्त सदस्य गण ने बताया कि रात्रिकालीन रामलीला प्रतिदिन शाम 7.30 बजे से श्री रामलीला, भरत राम लीला मंडली ग्राम सतमरा द्वारा प्रस्तुति दी जायेगी।

जिसमें ओटेबंद के निकट सिरसिदा, द्वारकाडीह, खप्पड़वाडा, मतवारी, रिसामा, चिरपोटी, परसदा एवं समस्त ग्रामों का विशेष सहयोग प्रदान कर रहा। बाजार ठेकेदार पूर्व सरपंच खेमन लाल चंद्राकार ने बताया कि ओटेबंद मंदिर का गार्डन - मन्दिर में आने वाले भक्तों के लिए आराम करने बैठने के उत्तम व्यवस्था के लिए गार्डन बनाए हुए है जिसमें भक्त आराम कर सकते हैं।

वहीं अनिल कुमार सिन्हा का बड़े बड़े झुला लगे हैं। जिसमें ज्वाइंट व्हील झूला, टोता टोता झूला, ब्रेक डांस झूला, ग्लोबल झूला, सुपर टाइगर झूला, हेलीकॉप्टर झूला और बच्चों के लिए त्री वन बच्चों के लिए मैक्स झूला और झूला के साइड में खरीदारी करने के लिए घरेलू सामान का बाजार लगा हुआ है, अनिल कुमार सिन्हा को यहां झुला लगाते लगभग 16 वर्ष हो गए हैं। प्रदेश वासियों से अपील है कि इस भव्य 11 दिवसीय महायज्ञ में आनंद लेने पहुंचे।

## खबर संक्षेप

### सेल रिफेक्ट्री में एप इंडिया शुरु

**भिलाई।** सेल की सभी यूनिटों में कर्मचारियों के मानसिक, भावनात्मक और पेशेवर सशक्तिकरण के लिए एप इंडिया के साथ किए गए समझौता ज्ञापन एमओयू के तहत कर्मचारी सहायता कार्यक्रम की शुरुआत की गई है। सेल रिफ्रैक्ट्री यूनिट, भिलाई में एप की शुरुआत हुई इस अवसर पर इकाई प्रमुख विशाल शुक्ल व एप इंडिया के फाउंडर भारती महिमकर के साथ ऑपरेशन मैनेजर - समीक्षा एवं लाइजनिंग मैनेजर - मनीष तोमर भी उपस्थित थे। यह काउंसलिंग सेवा पूरी तरह से निशुल्क, गोपनीय और सुरक्षित है। कार्यक्रम का उद्देश्य श्रमिकों और उनके आश्रितों को व्यक्तिगत एवं पेशेवर चुनौतियों से निपटने के लिए आवश्यक काउंसलिंग सहायता प्रदान करना है। यह पहल तनाव प्रबंधन, संघर्ष - समाधान व्यक्तिगत संबंधों में सामंजस्य, चिंता एवं अवसाद, कार्य स्थल पर उत्पीड़न, शोक, दुर्व्यवहार एवं आघात तथा वित्तीय सुरक्षा जैसी जटिल परिस्थितियों से उबरने में सहायता प्रदान करेगी। इस पहल के तहत कर्मचारियों के लिए 24 x 7 टेलीफोन परामर्श, वेब एवं मोबाइल आधारित ई-काउंसलिंग, वीडियो काउंसलिंग और व्यक्तिगत परामर्श सेवाएं उपलब्ध कराई गई हैं। इसके अतिरिक्त यह योजना मानसिक स्वास्थ्य, कार्यस्थल की चुनौतियां, पारिवारिक एवं व्यक्तिगत समस्याएं, वित्तीय एवं कानूनी परामर्श जैसी आवश्यकताओं के लिए विशेषज्ञ सहायता भी प्रदान करती हैं।

### पंचायत चुनाव के बाद दोनों पक्ष आमने-सामने, निष्पक्ष जांच की मांग

# सरपंच ने विपक्ष पर लगाया आरोप आक्रोशित ग्रामीणों ने घेरी पुलिस चौकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

सरपंच के भतीजे के दुकान में आगजनी को लेकर गुरुवार को जेवरा सिरसा पुलिस चौकी का ग्रामीणों ने घेराव कर दिया। घेराव में गांव के महिला पुरुष और युवाओं की भीड़ जुटी रही, पूर्व सरपंच और पंचों ने सरपंच पर गलत बयानबाजी करने और पुलिस पर लचर कार्रवाई का आरोप लगाया। चौकी के घेराव के दौरान ग्रामीणों में काफी आक्रोश में दिखाई दिए। गांव के लोगों ने वर्तमान सरपंच और दुर्ग पुलिस के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। चौकी प्रभारी पुरुषोत्तम कुर्रे ने आक्रोशितों को समझाया और जल्द आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई का आश्वासन दिया। उसके बाद ही ग्रामीण शांत हुए और वहां से वापस लौट गए। पूर्व सरपंच प्रशांत कुमार गौतम ने कहा कि दो दिन पहले ग्राम पंचायत जेवरा के सरपंच के भतीजे देवशरण उर्फ भोजू नागवंशी की दुकान में कुछ लोगों ने आग लगा दिया है। घटना के बाद सरपंच धनेष और भोजू गलत गलत बयानबाजी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि गांव में दो दिन बाद 8 मार्च से उप सरपंच के चुनाव हैं। उसमें उनकी छवि धूमिल करने का प्रयास किया जा रहा है। गांव में वार्ड 20 की पंच मोहिनी गौतम के मुताबिक ये जो आरोप सरपंच द्वारा लगाए जा रहे हैं। वो पूरी तरह निराधार वो और उनके पति पिछले कई सालों से गांव के सरपंच और पंच हैं। उनका उद्देश्य गांव का विकास करना है। यही कारण है कि आज उनके साथ सैकड़ों की संख्य गांव की महिलाएं और पुरुष उनके साथ खडे है।

**ग्रामीणों ने की पुलिस चौकी में जमकर नारेबाजी, सौंपा ज्ञापन**



#### नकाबपोश युवकों ने दुकान को किया था आग के हवाले

3 मार्च की रात देवशरण नागवंशी की दुकान में तीन नकाबपोश युवकों ने पेट्रोल डालकर आग लगा दी थी। उसी दिन देवशरण के चाचा धनेष नागवंशी ने सरपंच पद का शपथ लिया था। अगले दिन देवशरण और धनेष दोनों ने मीडिया पर बयान दिया को आग लगाने की घटना को अंजाम उनके विपक्ष के लोग ने किया है। उसके बाद जेवरा सिरसा का माहौल खराब हुआ, पूर्व सरपंच प्रशांत कुमार गौतम और उनके साथ घेराव करने पहुंचे ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि ये पूरा राजनीतिक खेल है। आरोप है कि देवशरण नागवंशी ने खुद ही अपनी दुकान को आग लगाया है। इसकी पुलिस जांच करे। वीडियो में दिख रहा युवक उसके हुलिए से मिलता है। साथ ही जो बाइक से वो आग लगाने गए थे, उसका नंबर भी थोड़ा थोड़ा दिख रहा है।

#### ग्रामीणों ने कहा साजिश रची जा रही

ग्रामीणों के मुताबिक ये सारा खेल उप सरपंच चुनाव में प्रशांत कुमार गौतम को बदनाम करने के लिए है। जिससे पंच और गांव के लोग उससे नाराज हो जाएं। वो उप सरपंच का चुनाव ना जीत सकें। प्रशांत गौतम ने कहा कि उनके साथ इतने पंच और ग्रामीण विरोध में पहुंचे है। इससे साफ हो गया कि कोई कितना भी बदनाम कर ले लोग सच का ही साथ देंगे।

#### आई है शिकायत, हो रही हैं जांच

"लिखित शिकायत की गई है। जिसमें आगजनी हुआ है। जिसमें सरपंच द्वारा अप्रत्यक्ष रुप से मीडिया नाम लिए जाने की बात कही है। जिसे लेकर पुलिस जांच में जुटी हुई है। पुलिस मामले को गंभीरता से लिया है। जांच में जो भी तथ्य सामने आएगें उसी आधार पर कार्रवाई किया जाएगा।

**पुरुषोत्तम कुर्रे**
चौकी प्रभारी जेवरा सिरसा

# बदहाली के दौर से गुजर रहे सहायक व लघु उद्योग

**बीएसपी से पर्याप्त आर्डर व शासन से विकास में कोताही**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

देश में सेंट्रल इंडिया के दूसरे सबसे बड़े औद्योगिक क्षेत्र भिलाई को चौतरफा उपेक्षा का दंश झेलना पड़ रहा है। छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण के चौबीस साल बाद भी तस्वीर नहीं बदलने की कीमत सैकड़ों उद्योग चुका रहे हैं। औद्योगिक क्षेत्र का कायाकल्प प्रदेश व केंद्र सरकार तथा जन प्रतिनिधियों के लिए चुनौती बना हुआ है। चौतरफा अनदेखी से अधिकतर उद्योग बदहाली के दौर से गुजर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि इंदौर पीथमपुरा के बाद औद्योगिक क्षेत्र भिलाई सबसे पुराना और बड़ा इंडसट्रियल बेल्ट है। 1960 में स्थापित भिलाई इस्पात संयंत्र के साथ ही धीरे धीरे यहां औद्योगिक क्षेत्र का विकास किया गया। यहां चार सौ से अधिक उद्योग हैं। इनमें कुछ हैवी इंडस्ट्री के अलावा अधिकतर लुघ, मध्यम और सहायक उद्योग हैं। उद्योगों का भिलाई अंचल के साथ छत्तीसगढ़ के विकास में भी महती योगदान रहा है। लेकिन जिम्मेदार एजेंसियों की उदासीनता से औद्योगिक क्षेत्र बदहाल है। इसे माडल औद्योगिक क्षेत्र और पीथमपुरा की तरह विकसित किए जाने की सरकार की घोषणा वर्षो बाद भी हवाहवाई साबित हो रही है। अधितकर उद्योग बदहाली के दौर से गुजर रहे हैं, जिससे उद्यमियों के साथ सैकड़ों मजदूर भी बदहाली से गुजर रहे हैं। वहीं औद्योगिक क्षेत्र में बुनियादी सुविधाओं भी बदतर होने का खामियाजा श्रमिक बस्तियों को लोगों को भुगतना पड़ रहा है। उद्यमियों के मुताबिक उद्योगों को आर्डर ( इंक्वायरी) भिलाई इस्पात संयंत्र से मिलता है। उद्योग बीएसपी के लिए कलपुर्जेस और पाट्र्स आदि बनाते हैं। उद्योगों के विकास में बीएसपी का महती योगदान रहा है लेकिन पिछले दो तीन दशकों से सहायक और लघु उद्योगों को पर्याप्त काम नहीं मिलने से दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

■ कागजी साबित हो रही मॉडल इंडस्ट्रियल एरिया की घोषणा

#### बाहर के बड़े उद्योगों का वर्चस्व

बाक्स अधिकतर आर्डर पर बाहर की बड़ी कंपनियों का वर्चस्व है। बीएसपी के नियम भी पेंचीदा होने से उद्योगों को नुकसान हो रहा है। वहीं उद्योग विभाग और प्रदेश सरकार के साथ केंद्र शासन की बेरुखी भी उद्योगों पर भारी पड़ रही है। बैंकों से ऋण और टैक्स व ब्याज में रियायत नहीं है और केंद्र व राज्य की सब्सिडी लेने में पसीना छूट रहा है। जबकि कई उद्योगों के उत्पाद देश के साथ विदेश में भी जाते हैं। उद्यमियों ने बताया कि सिंगल विंडो और इन्वेस्टमेंट मीट के फायदे जैसे प्रयास महज प्रोपोगंडा बनकर रह गए हैं। इंजीनियरिंग पार्क हथखोज उद्योग कम रेंसिडेशियल अधिक साबित हो रहा है, जहां चोरियों से उद्यमी परेशान हैं।

#### हवा-हवाई साबित हुईं घोषणाएं

छत्तीसगढ़ राज्य बनने के बाद और पहले उद्योगों के विकास के लिए सरकारों और जन प्रतिनधियों की कई घोषणाओं,योजनाओं और वादों से उद्यमी रुबरु हुए। जोगी की कांग्रेस सरकार और फिर भाजपा सरकार द्वारा इंडसट्रियल एरिया को एक विकसित औद्योगिक क्षेत्र बनाने, मांडल व पीथमपुरा की तरह विकसित करने जैसी कई लोकलुभावन घोषणाएं की गईं लेकिन अब तक एसीसी हथखोज रोड व बीईसी रोड जैसी कुछ जर्जर सड़कों के कांक्रीटीकरण और एलईडी लाइट लगाने जैसे कुछ सुविधाओं के छींटे के अलावा कुछ नहीं हुआ। अधिकतर सड़कें जर्जर और धूल, धुएं और गोबर से धूसरित हैं। प्रदूर्षण से उद्यमी, मजूदर और श्रमिक बस्ती के लोग दिक्कतों के साथ बीमारियों को शिकार हो रहे हैं। क्षेत्रवासियों ने औद्योगिक क्षेत्र की तस्वीर बदलने की मांग की है।

# पीडीएस चावल तस्करी मामले में भिलाई के दो गुट आपस में उलझे


पीडीएस चावल तस्करी का दुर्ग जिले में बड़ा खेल, मालवाहक ऑटो में चावल बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

पीडीएस चावल तस्करी मामले में विवाद की स्थिति निर्मित हो रही है। बुधवार को पकड़े गए पीडीएस चावल को ले जा रहे ऑटो ड्राइवर सुरेश कश्यप ने लिखित बयान दिया है कि चावल डबलू यादव का है। इसके बाद डबलू यादव ने गुरुवार को खाद्य विभाग पहुंचकर आरोपों का खंडन किया। खाद्य विभाग की टीम ने 5 मार्च को चावल से लोड ऑटो को चिखली चौक के पास पकड़ा था। खाद्य विभाग ने बताया कि ऑटो को कैंप-1 भिलाई निवासी सत्यम यादव और सूर्या तिवारी ने पकड़ा, फिर उन्हें और पुलिस को सूचना दी थी। पुलगांव पुलिस ने ऑटो को थाने में खड़ा करा दिया। वहीं, खाद्य विभाग की टीम ने चावल को जब्त कर जांच के लिए भेजा है। खाद्य अधिकारी ने कार्रवाई के दौरान सूचना देने वाले सत्यम यादव का बयान दर्ज किया। सत्यम ने अपने बयान में बताया कि जिस चावल को उन्होंने पकड़ा है, वो पीडीएस का चावल है। वो करीब 11 क्विंटल वजन में ऑटो में लोड था। यह चावल सूरज साव का है, जो कि राइस मिल में बिकने के लिए जा रहा था। खाद्य अधिकारी ने कार्रवाई के दौरान सूचना देने वाले सत्यम यादव का बयान दर्ज किया। सत्यम ने अपने बयान में बताया कि, जिस चावल को उन्होंने पकड़ा है, वो पीडीएस का चावल है। वो करीब 11 क्विंटल वजन में ऑटो में लोड था। यह चावल सूरज साव का है, जो कि राइस मिल में बिकने के लिए जा रहा था। इसके अलावा सूरज साव ने सोशल मीडिया पर वीडियो पोस्ट कर कहा कि, जो चावल पकड़ा गया है, वो डबलू यादव का है। इससे कारण विवाद की स्थित निर्मित हो रही है। डबलू यादव ने गुरुवार 6 मार्च को खाद्य विभाग पहुंचकर खाद्य अधिकारी को एक पत्र दिया है। उसमें उसने लिखा है कि 5 मार्च को जो पीडीएस चावल पकड़ा गया है, वो उसका होना बताया जा रहा है। जबकि उस पीडीएस चावल पकड़े गए ऑटो और उसके ड्राइवर से उसका दूर दूर तक कोई नाता नहीं है। ऑटो चालक ने पहले सूरज साव का नाम लिया उसके बाद किसी के दबाव में मेरा नाम ले रहा है।

■ चिखली में पकड़ाया चावल का मुद्दा

#### काके पर हिस्ट्रीशीटर की मेहरबानी

खुर्सीपार, कैंप, सुपेला में पीडीएस चॉवल की तस्करी चरम पर है। जिसे रोकने में खाद्य विभाग पूरी तरह फेल साबित हो रही है। यहां के कुछ अधिकारियों की सेटिंग के चलते यह कारोबार बेखौफ तरीके से चल रहा है। मिली जानकारी के मुताबिक काके चॉवल का बड़ा तस्कर है जिसे हत्या के मामले अजीवन सजा काटकर हाल ही में लौटे हिस्ट्रीशीटर का संरक्षण के कारण बेखौफ तरीके से कारोबार फैला रखा है। इसके अलावा खुर्सीपार के त्रिदेवी उर्फ सोनू, बंटी पांडेय, काला चंदन, संजय, टिकम, निक्की ,राकेश, बागेश्वर, हर्रा, सुजीत, चरोदा कृष्णा, जी केबिन होंडो समेत अन्य लोग मिलकर चॉवल की तस्करी बडे पैमाने पर कर रहें है। गरीबों के चॉवल को डकारने वालों पर अर्से से खाद्य विभाग की ही मेहरबानी बनी हुई है।

# बीई और बीटेक के विद्यार्थियों ने सांसद से की मुलाकात

**भिलाई।** लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा उपअभियंता सिविल, विद्युत, यांत्रिकी के विज्ञापन में त्रुटि को लेकर बीई और बीटेक के करीब 400 विद्यार्थियों ने सांसद विजय बघेल से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा है। जिसमें बताया गया है कि 128 पद को लेकर शासन द्वारा सिविल, मैकेनिकल, इलेक्ट्रीकल उप अभियंता पद के लिए केवल डिप्लोमा को विहित शैक्षणिक योग्यता रखा गया है। जबकि बीई, बीटेक पास विद्यार्थियों की मांग है कि उक्त पद के लिए उनकी योग्यता को भी शामिल किया जाए। सांसद विजय बघेल ने आश्वासन दिया कि इसे लेकर विभागीय मंत्री, उच्च अधिकारियों से चर्चा करेगें। सांसद बघेल से अपनी योग्यता उक्त विज्ञापन में शामिल करने की मांग की है। इस दौरान छात्र गौरव वर्मा, रविन्द्र प्रजापति, निशांत वर्मा मौजूजद थे।

















हरिभूमि लाइव
रायपुर, शुक्रवार 7 मार्च 2025
Email id- haribhoomibhilai@gmail.com
0788- 4091720, Message at 9755819129

04

अफ्रीकी मेन्स फैशन

## लाइव इवेंट

### देवांगन समाज की प्रतिभावान महिलाएं कल होंगी सम्मानित, रिसाली महापौर होंगी मुख्य अतिथि



**भिलाई।** देवांगन जन कल्याण समिति भिलाई के तत्वावधान में 8 मार्च को दोपहर 3 बजे से परमेश्वरी भवन प्रगति नगर रिसाली में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस समारोह का भव्य आयोजन किया जा रहा है। समिति के अध्यक्ष घनश्याम देवांगन ने बताया कि सुमन देवांगन एवं कल्पना भानु देवांगन की अगुवाई में इस अवसर पर देवांगन समाज की महिलाओं के लिए ज्ञानवर्धक एवं मनोरंजक कार्यक्रम तथा विविध प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। समारोह में महिला सशक्तिकरण, आत्मनिर्भर एवं प्रगतिशील महिलाएं, महिलाओं की प्रगति में बाधक तत्व, रूढ़िवादी बेड़ियों एवं परंपराओं से मुक्ति, सामाजिक कुरीतियों को दूर करने में महिलाओं का योगदान आदि विषयों पर आमंत्रित अतिथि गण एवं महिलाएं अपने विचार व्यक्त करेंगी। इस अवसर पर महिलाओं पर केंद्रित रोचक प्रश्नोत्तरी का भी आयोजन होगा। प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत भी किया जाएगा। समारोह में नगर निगम रिसाली की महापौर शशि सिन्हा, आयुक्त मोनिका वर्मा, दुर्ग की महापौर अलका बाघमार, नवनिर्वाचित जिला पंचायत अध्यक्ष सरस्वती बंजारे, सांसद विजय बघेल की धर्मपत्नी रजनी बघेल, पूर्व महापौर निर्मला यादव आदि विशेष अतिथि के रूप में आमंत्रित किए गए हैं।

■ महिलाओं के लिए ज्ञानवर्धक एवं मनोरंजक कार्यक्रम भी होंगे

## सिटी इवेंट

### बच्चे देश, समाज और परिवार का भविष्य, पढ़ाई जीवन के लिए सबसे ज्यादा जरूरी



**भिलाई।** जवाहर नवोदय विद्यालय दुधली बालोद के निमंत्रण पर समाजसेवी एवं वरिष्ठ साहित्यकार डॉ.शिरोमणि माथुर का विद्यालय आगमन हुआ। उन्होंने शाला की छात्राओं को संबोधित करते हुए बालिकाओं के उज्जवल भविष्य व पढ़ाई के साथ- साथ अन्य रुचिकर विषयों जैसे- लेखन, साहित्य, संगीत, कला, कम्प्यूटर, खेलकूद, सिलाई, कढ़ाई, ड्राइंग, पेंटिंग में काम सीखने की प्रेरणा दी। बहुत से बच्चों की रुचि पढ़ाई के साथ - साथ अन्य क्षेत्रों में होती है। कई बच्चे इन क्षेत्रों में भी भविष्य संवार सकते हैं। समय के सदुपयोग पर जोर देते हुये उन्होंने कहा आपका समय कीमती है। अभी कोई जिम्मेदारियां बच्चों पर नहीं है, जो काम आप अभी कर सकते हैं, वह फिर नहीं कर पायेंगे। इसलिए अभी नहीं तो कभी नहीं। देश, समाज, परिवार का भविष्य बच्चों पर निर्भर है। आप जो लक्ष्य चाहते हैं या परीक्षा में जो नंबर लेना चाहते है, उसे या तो दीवार पर लिख लें या अपनी कापी के प्रथम पेज पर लिख लें, फिर प्रतिदिन उसके लिए प्रयास करते रहे तो आपको सफलता अवश्य मिलेगी। बार बार लक्ष्य दोहराने से अंतर्मन उसे स्वीकार कर लेता है और फिर उसी दिशा में मन काम करने लगता है। मन को व्यर्थ बातों से हटाकर पॉजिटिव सोचे या परमात्मा को थोड़ी देर जरूर याद करे वो भी आपको मदद करेगा क्योंकि हम सब उसके बच्चे है पिता बच्चों की सहायता अवश्य करता है।

उन्होंने बच्चों को अच्छे काम करने के लिये प्रेरित किया। इस अवसर पर बच्चों ने डॉ. माथुर से कुछ प्रश्न भी पूछे। साहित्य की विधाओं पर भी चर्चा हुई। बच्चों के आग्रह पर लक्ष्मण-रावण संवाद स्वरचित कविता का पाठ भी डॉ. माथुर ने किया। शिक्षिका संध्या टंडिया के आग्रह पर डॉ. माथुर ने स्वरचित रुक्मणि कृष्ण संवाद काव्य पाठ कर सभी को सुदामा और कृष्ण की मित्रता की गहन अनुभूति कराई। बताया कि किस तरह कृष्ण सुदामा के प्रेम में विहल होकर उनके पैर दबाते हुये बचपन में चने खाने का रहस्य बताते हैं। इस अवसर पर प्राचार्य साधना दलेला, उप प्राचार्य एनपी नामदेव, अनादि माथुर, मनोज पाटिल, रवि निषाद उपस्थित रहे।

■ नवोदय विद्यालय में साहित्यकार डॉ. शिरोमणि माथुर ने रखे विचार

### लायंस क्लब की आधिकारिक यात्रा पर कल आएंगे सुधीर जैन

**भिलाई।** लायंस क्लब पिनाकल की आधिकारिक यात्रा पर डिसट्रिक्ट गवर्नर सुधीर जैन 8 मार्च को भिलाई पहुंच रहे हैं। वे दोपहर करीब साढ़े 12 बजे संगठन की गतिविधियों से जुड़ी जानकारी लेंगी। संगठन के पदाधिकारियों और सदस्यों से चर्चा करेंगे। संस्था की अध्यक्ष उर्मिला टावरी, रश्मि गेडाम, नंदनी हिवासे ने बताया कि बैठक में सभी सदस्य और पदाधिकारी मौजूद रहेंगे। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जाएगा।

● जैन मुनि पदविहार कर रुआबांधा से त्रिवेणी तीर्थ सेक्टर-6 पहुंचे, भक्तों ने की अगवानी

# धर्म के नाम पर लोगों को भ्रमित करने वाले, ठगने वालों की भविष्य में कभी भी नहीं होती पूछपरख : समता सागर

जैन मुनि 108 समता सागर गुरुवार को पदविहार कर रुआबांधा होते हुए त्रिवेणी तीर्थ सेक्टर-6 पहुंचे। जहां समाज के लोगों ने उनकी अगवानी की। इस दौरान आयोजित धर्मसभा में उन्होंने कहा कि सज्जन के माथे पर तिलक और दुर्जन के माथे पर सींग दिखाई नहीं देते। वीतरागता, आत्मा,0 परमात्मा और तत्व को लेकर जिसको सच्ची श्रद्धा होती है, वह श्रद्धा सच्चा सम्यक दर्शन होता है। मुनि श्री ने कहा कि श्रद्धा में समीचीनता न हो तो वही श्रद्धा अंधश्रद्धा बन जाती है। उन्होंने अंधश्रद्धा के दुष्परिणामों पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि कुछ लोग धर्म के नाम पर लोगों को ठगते एवं भ्रमित करते हैं। धोखा देते हैं। जब तक लोग उनको समझ पाएं, तब तक वह सारा मालपानी लेकर रफूचक्कर हो जाते हैं। मुनि श्री ने आगे कहा कि ऐसे लोगों दूसरों को धोखा नहीं देते बल्कि स्वयं को ही धोखे में रखते हैं।



**भिलाई।** मुनिश्री ने कहा कि इससे न केवल धर्म की महिमा घटती है, बल्कि भविष्य में उन पर भी कोई विश्वास नहीं करता। उन्होंने कहा कि धर्म करना अच्छी बात है, धर्म की क्रियायें करो, धार्मिक बनो, लेकिन धर्म के नाम पर अंध श्रद्धा मत करो। जीवन में सम्यक दर्शन प्राप्त करना एक महान गुण हैं। इसे आप भी प्राप्त कर सकते हैं। करत करत अभ्यास के जड़मत होत सुजान, रस्सी आवत जात है कठोर पड़त निशान। मुनि श्री ने कहा कि पुरुषार्थ जब एकरूपता में आती है, तो सफलता तो मिलती ही मिलती है। जैसे खाने के गाल और नहाने के बाल अलग ही समझ आ जाते हैं। उसी प्रकार एक सम्यकदृष्टि की क्रियायें अलग ही समझ आ जाती है। नीतिकार कहते हैं कि ऐसा नहीं है कि सज्जन के माथे पर तिलक लगा हो। ऐसा भी नहीं है कि दुर्जन के माथे पर सींग दिखाई दे रहे हों? ऐसी पहचान प्रथमतः हो सकती है लेकिन दुर्जनता और सज्जनता तो अपने भावों से आती है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा भगवान महावीर पूर्व की पर्याय में एक भील थे और शिकार करना उनका पेशा था। उसी पर्याय में उनके परिणाम बदले और वह भील से भगवान बनने के रास्ते पर आगे बढ़ गए। वहीं सिंह के पर्याय में हिरण का शिकार कर रहा था, एक मुनि ने उनको देखा और सम्वोधन दिया और वही शेर भगवान बन गया।

### जैन धर्म में आत्मा को परमात्मा बनने का अधिकार

मुनि श्री ने कहा कि जैन धर्म की विशेषता है कि हर आत्मा को परमात्मा बनने का अधिकार मिलता है। जैसे कपड़ा गंदा हो जाता है, तो उसे साफ करना पड़ता है। उसी प्रकार जब हमारा मन गंदला हो जाता है, तो उस मन को साफ करने के लिये ही प्रतिक्रमण का पाठ करना पड़ता है, जो अपने स्वभाव से वाहर जाकर अपनी आत्मा को गंदला करता है। उसे प्रतिदिन प्रतिक्रमण का पाठ अवश्य करना पड़ता है। जैसे कार का शीशा गंदा होने पर धर्म ध्यान का वाईपर चला दोगे तो कार के शीशे में साफ साफ दिखने लगता है। इस अवसर पर मुनि पवित्र सागर, ऐलक निश्चय सागर, निजानंद सागर, संयम सागर विराजमान थे।

### सुबह रिसाली में मल्लिनाथ भगवान के दर्शन किए दोपहर रुआबांधा में आहारचर्या

राष्ट्रीय प्रवक्ता अविनाश जैन एवं भिलाई त्रिवेणी जैन तीर्थ भिलाई सेक्टर 6 प्रचार प्रमुख प्रदीप जैन बाकलीवाल ने बताया मुनि श्री ने सुबह 6 बजे संघ सहित मल्लिनाथ दिगबंर जैन मंदिर रिसाली एवं पारसधाम दिगबंर जैन मंदिर के दर्शन किए। शांतिधारा बाद आहारचर्या रुआबांधा में हुई। इसके बाद वे श्री त्रिवेणी जैन तीर्थ सेक्टर 6 पहुंचे। जहां पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर में समिति के ज्ञानचंद बाकलीवाल, डॉ. जिनेंद्र जैन, प्रशांत जैन, जिनेंद्र जैन, सोमेश जैन आदि ने उनका स्वागत किया।महिलाओं ने पूज्य गुरुदेव का जयकारा लगाया। स्वागत गीत गाए। मंगल अगवानी करते हुए श्रीफल अर्पण किया।





## सामाजिक एकजुटता बढ़ाने किया धार्मिक भ्रमण

**दुर्ग ।** छत्तीसगढ़ी सरयूपारिण महिला ब्राम्हण समाज ने धार्मिक एवं प्राकृतिक क्षेत्रों की यात्रा की। इस यात्रा के तहत समाज की महिलाएं हनुमान व काली माता मंदिर कमरौद, शिवमंदिर पाटेश्वर धाम, गंगा मैय्या झलमला बालोद पहुंचे। यहां उन्होंने अपने आराध्य देवी-देवताओं के दर्शन किए और छत्तीसगढ़ के लोगों की खुशियाली के लिए कामना की, वहीं समाज की महिलाओं द्वारा वन्यक्षेत्र में प्राकृतिक वादियों में सैर-सपाटा किया गया। यहां टिशू के पेड़ में लगे फूल एवं अन्य वृक्षों के नजारों ने महिलाओं का मन मोह लिया। पूरे यात्रा के दौरान समाज की महिलाएं भक्ति व अन्य गीत गाकर अपने उत्साह व खुशियों का इजहार करती रहीं। यात्रा का मुख्य उद्देश्य लोगों में धर्म जागृति एवं पर्यटन को बढ़ावा देना था। यात्रा का नेतृत्व छत्तीसगढ़ी सरयूपारिण महिला ब्राम्हण समाज की अध्यक्ष संगीता शर्मा ने की। उन्होने बताया कि समाज द्वारा इस तरह की यात्रा हर वर्ष की जाती है। समाज की महिलाएं धार्मिक एवं प्राकृतिक क्षेत्रों की यात्रा कर खूब आनंदित है। यात्रा अपने उद्देश्यों को भी पूर्ण करने में सफल रही। जिससे यह यात्रा यादगार बन गया है।

यात्रा में छत्तीसगढ़ी सरयूपारिण महिला ब्राम्हण समाज की अध्यक्ष संगीता शर्मा, सचिव किरण मिश्रा, उपाध्यक्ष अपर्णा तिवारी, रानी उपाध्याय, ममता तिवारी, सपना शर्मा, संगीता मिश्रा, ममता पांडे, भारती दीवान, अनीता दीवान, मीना शर्मा, तारिणी दीवान, ज्योति उपाध्याय, आभा शर्मा, नेहा तिवारी, कीर्ति शर्मा, आरती दीवान, प्रशिला शर्मा, आरती तिवारी, सुशीला मिश्रा, प्रभा शर्मा, दीप्ति दुबे आदि उपस्थित थीं।

■ सरयूपारीण महिला ब्राह्मण समाज ने यात्रा में दिया संदेश



## केलाबाड़ी में सजी सुरों की महफिल कलाकार किए गए सम्मानित



**भिलाई।** केलाबाड़ी में यादों की महफिल ए म्यूजिकल ग्रुप का कार्यालय आयोजित किया गया। उद्घाटन कैलाश बरमेचा ने किया। आयोजन में पूर्व पार्षद हमीद खोखर, इमरान भाई विशेष रूप से मौजूद थे।रानी लक्ष्मीबाई चौक में आयोजित इस कार्यक्रम का गायक आलोक नारंग ने संस्था के संबंध में जानकारी प्रस्तुत की। उन्होंने बताया कि इस म्यूजिकल ग्रुप को दुर्ग नगर के अन्य गायक-कलाकारों द्वारा आपस में समन्वय कर लोगों के मनोरंजन हेतु गठन किया गया है। इस संस्था के कलाकारों ने नए पुराने गीतों कव्वाली भजनों का गायन किया। कैलाश बरमेचा ने संस्था को अपनी ओर से लैपटॉप उपहार स्वरूप प्रदान किया। साथ ही संस्था के सदस्यों को कमला मोटर्स पुलगांव में रियाज करने के लिए आमंत्रित किया। हामिद खोखर ने ग्रुप का शो कार्यक्रम रानी लक्ष्मीबाई चौक में आयोजन करने हेतु सहयोग प्रदान करने की बात कही। इस अवसर पर आलोक नारंग, मोहम्मद इकबाल अहमद, शरीफ राजपाल, परवीन बानो, कुंभलवार, आफताब आलम ने सुमधुर गीत सुनाए। आभार प्रदर्शन सुरेंद्र पटेल ने किया। इस कार्यक्रम में शाकिर अली, किरण लता नारंग, संध्या गोंडाने, हाजी मोहम्मद ताहिर आदि मौजूद थे।

### छॉलीवुड का सबसे बड़ा अवार्ड समारोह रंगझाझर 8 मार्च को भिलाई में

# चार दिवसीय भिलाई मड़ई का रंगारंग आयोजन आज से, छालीवुड की हस्तियों का होगा जमावड़ा, 10 को 10 टन टमाटर से होगी होली

कार्नर न्यूज

**भिलाई।** चार दिवसीय भिलाई मड़ई का रंगारंग आयोजन होने आज से शुरु हो रहा है। जिसमें छत्तीसगढ़ी फिल्मों की सभी हस्तियों का जमावड़ा होगा। प्रतिदिन पचास हजार लोग मड़ई का आनंद उठायेंगे। कार्यक्रम का उद्घाटन सांसद विजय बघेल करेंगे। एचडी प्रोडक्शन के योगेश अग्रवाल व प्रोड्यूसर होमन देशमुख ने संयुक्त रूप से आयोजित पत्रकारवार्ता में जानकारी देते हुए बताया कि 7,8,9 एवं 10 मार्च को भिलाई मड़ई का आयोजन हेलिपेड ग्राउण्ड सिविक सेंटर भिलाई होटल के सामने किया जा रहा है। इसकी तैयारी लगभग पूरी हो गई है। 7 एकड़ के इस मैदान में 140 से अधिक स्टॉल यहां लगाये जा रहे है। साथ ही झूले, छत्तीसगढी व्यंजन के साथ साथ 10 मार्च को 50 बाई 50 का कुंड में टमाटर मड़ई का आयोजन किया गया है जो लोगों के लिए आकर्षण का केन्द्र होगा।



### ट्राईवल रैम्प वॉक एवं फैशन शो आज

फिल्म अभिनेता योगेश अग्रवाल ने बताया कि शहर के लोगों के लिए छत्तीसगढ़ की संस्कृति तीज त्यौहार, पहनावा, गहना, गोठा को लोग जान सके और शहरी वातावरण की संस्कृति में घुल मिल जाये यह कार्यक्रम कराने का हमारा यही हमारा उद्धेश्य है। आयोजन प्रतिदिन शाम 4 से 10 बजे आम लोगों के लिए खुला रहेगा। 7 मार्च को ट्राईवल रैम्प वॉक एवं फैशन शो, 8 मार्च को छत्तीसगढ़ का सबसे बड़ा फिल्म एवार्ड शो नाईट आयोजित होगा। वहीं 9 मार्च को बैंड वार होगा एवं अंतिम दिन 10 मार्च को होली टमाटर मड़ई आयोजित होगा। छत्तीसगढ के राउतनाचा, पंथी, गेढ़ी नृत्य की भी प्रस्तुति होगी। यहां कुम्हार द्वारा मिट्टी का सामान भी बनाता हुआ लोगों को दिखाई देगा।

### 55 कलाकारों और 11 वरिष्ठ रंगकर्मी होंगे सम्मानित

छत्तीसगढ़ी फिल्म इण्डस्ट्रीज एसोसिएशन के अध्यक्ष योगेश अग्रवाल ने बताया कि छत्तीसगढ़ के संस्कृति व कलाकारों का मनोबल बढ़ाने के लिए पिछले 15 सालों से छग फिल्म अवार्ड शो का आयोजन किया जा रहा है जो 8 मार्च को छत्तीसगढ़ की सबसे बड़ा फिल्म अवार्ड शो नाईट में 55 कलाकारों के अलावा 11 वरिष्ठ रंगकर्मी को भी अवार्ड दिया जायेगा। देश विदेश तक दुर्ग व छत्तीसगढ का नाम लोककला के माध्यम से नाम रौशन करने वाली उर्वशी साहू, डायरेक्टर व एक्टर पवन गुप्ता, बॉलीवुड से लेकर भोजपुरी व छग अभिनेता रजनीश झांजी सहित एलबम केटेगरी में भी 10 से अधिक अवार्ड दिये जाएंगे।

### अंतिम दिन होली टमाटर मड़ई

10 टन टमाटर से होली टमाटर मड़ई आयोजित किया जाएगा। इस दौरान रैन डांस, डीजे साउण्ड सिस्टम होगा। इस कार्यक्रम के दौरान हाउजी, मेंहदी सहित अन्य प्रतियोगिताएं भी रखी गई है। कार्यक्रम में सतीश जैन, संतोष जैन, मनोज वर्मा सहित छॉलीवुड की तमाम हस्तियां शामिल होंगे। ये एक तरह का ट्रेड फेयर भी है, जिससे लोग छत्तीसगढ़ की संस्कृति को अधिक से अधिक जाने सके।

सिटी इवेंट

## आईआईटी के स्टूडेंट्स ने 42 यूनिट किया रक्तदान



**भिलाई।** कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी के मार्गदर्शन पर आईआईटी भिलाई के विद्यार्थियों ने स्वास्थ्य केंद्र भिलाई में रक्तदान शिविर का आयोजन किया। शिविर में 42 यूनिट ब्लड कलेक्ट किया गया। शिविर में ब्लड बैंक नोडल अधिकारी डॉ. प्रवीण कुमार अग्रवाल, मेडिकल अधिकारी डॉ. पीयूष श्रीवास्तव, डॉ. योगिता नायक, डॉ. आफरीन शेख, काउंसलर टीएस एंथोनी, स्टाफ नर्स तरुणा रावत, लैब टेक्नोलॉजिस्ट रूपेश सप्रे, कुसुम चंद्राकर, आईआईटी भिलाई से जैश चंद्रपाई, डॉ. अतुल श्रीवास्तव, कृति अरोड़ा महासचिव एनएसएस ,डॉ. राघवेंद्र शर्मा, स्नेहल सुहाने सहित अन्य मौजूद थे।

एजुकेशन लाइव

## बच्चों संग बड़ों ने गुरुकुल में सीखा संस्कृत,पढ़े श्लोक



**भिलाई।** बोरसी दुर्ग में गुरुकुल परंपरा के स्नातक आचार्य डॉ. अजय आर्य द्वारा गुरुवार को गुरुकुल कक्षा का आयोजन किया गया। इस दौरान डॉ अजय आर्य बताया कि यह कक्षा निःशुल्क और निःस्वार्थ भाव से चलाई जा रही है। वर्तमान समय में भारतीय संस्कृति और संस्कार आवश्यक हैं और प्रासंगिक भी। क्लास में 10 से 15 विद्यार्थी ऑफलाइन और लगभग 60 विद्यार्थी ऑनलाइन में जुड़ रहे हैं। कक्षा के संरक्षक प्रोफेसर जनेंद्र दीवान ने बताया कि संस्कृत के अध्ययन और अध्यापन से व्यक्तित्व में परिवर्तन आता है सरलता, सादगी के साथ व्यक्ति अपने जीवन को बदल सकता है। इन कक्षाओं में संस्कृत का अध्ययन करने के लिए कवर्धा, रायपुर, दिल्ली, हैदराबाद, धमतरी और गरियाबंद से अनेक जिज्ञासु जुड़ रहे हैं। इस दौरान 10 वर्षीय विद्यार्थी अक्षत और आर्यांश ने गीता के श्लोक पढ़े। वर्तमान सामाजिक व्यवस्था और शिक्षण प्रक्रिया में सांस्कृतिक सामाजिक मूल्य आदि का समावेश कम है। ऐसी स्थिति में गुरुवार गुरुकुल जैसी कक्षाएं सामाजिक बदलाव लाने की दिशा में सकारात्मक पहल कर रही हैं। अनुपमा उपाध्याय ने कहा कि संस्कृत व्यक्तित्व का परिष्कार करती है। प्रोफेसर जनेंद्र दीवान एवं हेमंत संगठन मंत्री संस्कृत भारती ने संख्याओं के माध्यम से आज खेल का आयोजन किया। रोचक खेलों के माध्यम से संस्कृत को सीखने और सीखने पर जोर दिया। संयोगिता त्रिपाठी ने कक्षा में अपना अनुभव व्यक्त करते हुए कहा कि संस्कृत सीख कर पढ़कर आनंद आता है। संस्कृत का अभ्यास करने से आत्मविश्वास बढ़ेगा और हम अपनी संस्कृति के साथ जुड़ सकेंगे। इस आयोजन में संस्कृत भारती, संस्कृत मित्र मंडलम्, आर्य समाज, सनातन संघ सहित अन्य संस्थाएं कक्षाओं के आयोजन में सहयोग कर रही हैं।

लाइव इवेंट

## विज्ञान और नवाचार में युवाओं को सशक्त बनाने लिखा निबंध



**भिलाई।** शासकीय डॉ. वामन वासुदेव पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर दो दिवसीय कार्यक्रमों का आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रंजना श्रीवास्तव द्वारा किया गया। इस वर्ष विज्ञान दिवस की थीम विकसित भारत के लिए विज्ञान और नवाचार में वैश्विक नेतृत्व एवं भारतीय युवाओं को सशक्त बनाना था। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. रंजना श्रीवास्तव ने जीवन में विज्ञान तथा टेक्नोलॉजी के महत्व एवं विकसित भारत के लिये युवाओं को विज्ञान एवं नवाचार के लिए प्रेरित किया। विज्ञान दिवस के अवसर पर अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसमें डॉ. प्रशांत श्रीवास्तव प्राध्यापक भूगर्भशास्त्र विभाग, शास. विश्वनाथ यादव तामस्कर स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग ने विज्ञान दिवस के महत्व तथा डॉ. सी.वी. रमन की जीवनी पर प्रकाश डाला। इसी कड़ी में डॉ. अनिल कुमार श्रीवास्तव प्राचार्य एवं अपर संचालक बस्तर संभाग जगदलपुर ने आनुवांशिक विविधता एवं स्वास्थ्य पर विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम के अन्तर्गत निबंध प्रतियोगिता का आयोजन प्रभारी डॉ एम लक्ष्मी प्रसुन्ना द्वारा किया गया। जिसमें अनामिका सिंह को प्रथम, द्वितीय अंकिता पॉल तथा करिना एवं देवांशी को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। डॉ लता मेश्राम एवं डॉ. सुषमा यादव द्वारा आयोजित पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में श्रिया चौबे को प्रथम, सोनम एवं संजना को द्वितीय तथा तृप्ति सिन्हा को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। इसी कड़ी में क्वीज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसकी प्रभारी डॉ. अनुजा चौहान थी। जिसमें रसायन शास्त्र विभाग की टीम ने प्रथम स्थान, प्राणीशास्त्र विभाग की टीम द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर गणित विभाग की टीम रही। विज्ञान दिवस को लेकर डॉ. यास्मीन फातिमा परवेज दवरा पावर प्वांइट प्रेजेन्टेशन का आयोजन भी हुआ। प्रेजेन्टेशन में सुष्मिता पाढ़ी और रूद्राणी विश्वास को प्रथम एवं द्वितीय तथा कुसुम देवांगन को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। निर्णायक के रूप में डॉ. हेमा कुलकर्णी, डॉ. शाहिस्ता, डॉ. विजयलक्ष्मी नायडू, डॉ. मौसमी डे आदि मौजूद थे।

● आयुष विश्वविद्यालय के फर्स्ट स्टेट लेवल इंटर कॉलेज नर्सिंग का आयोजन

# फ्यूजन फेस्ट पीजीकॉन में रंगारंग प्रस्तुतियों के साथ हुई विविध प्रतियोगिताएं, दिखा फैशन का जलवा

**भिलाई।** पं. दीनदयाल उपाध्याय मेमोरियल हेल्थ साइंसेज और आयुष विश्वविद्यालय, छत्तीसगढ़ द्वारा प्रायोजित राज्य स्तरीय सांस्कृतिक प्रतियोगिता फ्यूजन फेस्ट का आयोजन भिलाई में किया गया। इस कार्यक्रम में नर्सिंग क्षेत्र की समृद्ध सांस्कृतिक विविधता का जश्न मनाया, जिससे युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए एक मंच मिला।कार्यक्रम का उद्घाटन आयुष विश्वविद्यालय छग के कुलपति डॉ. पी.के. पात्रा, शासकीय सीसीएमएच दुर्ग डीन डॉ. तृप्ति नागरिया, पं. डीडीयूएमएचएस एवं आयुष विश्वविद्यालय रायपुर नर्सिंग बोर्ड ऑफ स्टडीज की डीन डॉ. शबनम डेविड और बीईटी के सचिव सुरेन्द्र गुप्ता उपस्थित थे।





### छत्तीसगढ़ राज्य गीत से हुई शुरुआत, अनुभव किये साझा

कार्यक्रम की शुरुआत छत्तीसगढ़ राज्य गीत से हुई। डॉ. प्रो. अभिलेखा बिस्वाल, प्राचार्य ने स्वागत भाषण दिया। समन्वयक डॉ. प्रो. श्रीमीनी पिल्लई ने राज्य स्तरीय सांस्कृतिक गतिविधियों का आदर्श वाक्य बताया और विशिष्ट अतिथियों, प्राचार्यों, संकायों और युवा प्रतिभाशाली छात्रों का स्वागत किया। डॉ. तृप्ति नागरिया ने अपने संबोधन में अपने जीवन के अनुभव को याद किया और रचनात्मक अभिव्यक्ति और आत्म खोज के अवसर पैदा करने में ऐसे आयोजनों के महत्व पर जोर दिया। डॉ. पी.के. पात्रा ने कॉलेज ऑफ नर्सिंग के प्रबंधन और संकायों की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन से छात्रों को एक साथ आने और एकजुटता को बढ़ावा देने में मदद मिलती है। कार्यक्रम के समापन पर सचिव डॉ. प्रो. श्रीलता पिल्लई ने डॉ. पी.के. पात्रा कुलपति को प्रथम राज्य स्तरीय अंतर महाविद्यालय प्रतियोगिता आयोजित करने का अवसर देने के लिए आभार व्यक्त किया। उद्घाटन सत्र का संचालन डॉ. प्रो. जया चक्रवर्ती ने किया।

### विभिन्न स्पर्धाओं में रहे विजेता



कॉलेज ऑफ नर्सिंग के विभिन्न स्थानों पर एकल गान, समूह गान, एकल नृत्य, समूह नृत्य, सौंदर्य प्रतियोगिता, कविता, नाटक और वाद्य यंत्र प्रतियोगिता जैसी प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। विभिन्न संस्थानों के विशेषज्ञों द्वारा इसका मूल्यांकन किया गया। नाटक प्रतियोगिता में पीजी कॉलेज ऑफ नर्सिंग ने प्रथम स्थान, गवर्नमेंट कॉलेज ऑफ नर्सिंग, बिलासपुर ने द्वितीय और श्री सीएम कॉलेज ऑफ नर्सिंग ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कविता प्रतियोगिता में पूजा तुरकाने, राजेंद्र प्रसाद कॉलेज ऑफ नर्सिंग ने जीत हासिल की। स्तुति शासकीय कॉलेज ऑफ नर्सिंग रायगढ़ ने दूसरा और तेजस्वी शासकीय कॉलेज ऑफ नर्सिंग राजनांदगांव ने तीसरा स्थान हासिल किया। संगीत विद्या साहू, सीजी कॉलेज ऑफ नर्सिंग, दुर्ग ने प्रथम पुरस्कार हासिल किया और जागृति गोटा और हेफजिबाह मनुलिजा बोरकर डीसीएच धमतरी ने दूसरा और तीसरा पुरस्कार हासिल किया।

### गायन और सौंदर्य प्रतियोगिता में दिखा उत्साह

एकल गान में वैभव जैकब दास, शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद कॉलेज ऑफ नर्सिंग जुनवानी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। चांदनी रेड्डी श्री रावतपुरा सरकार नर्सिंग संस्थान रायपुर ने दूसरा स्थान और दीक्षा गणवीर चंद्रा नर्सिंग संस्थान भिलाई ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। ग्रुप डांस में प्रथम पुरस्कार शासकीय नर्सिंग कॉलेज रायपुर ने प्राप्त किया, जबकि चंदूलाल चंद्राकर मेमोरियल कॉलेज ऑफ नर्सिंग ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सौंदर्य प्रतियोगिता में जोल्जिना टोप्पो प्रथम, मधुबाला शासकीय नर्सिंग कॉलेज रायगढ़ ने दूसरा और हिमानी साहू सीएम कॉलेज ऑफ नर्सिंग ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

सीएम वाइफ ने किया प्रोत्साहित

# इंस्पायरिंग वूमैन ऑफ द ईयर अवार्ड से सम्मानित हुईं प्रतिभावान महिलाएं







**भिलाई।** मीरा के श्याम पर्यावरण महिला एवं बाल विकास संस्था बासीन दुर्ग छत्तीसगढ़ द्वारा आयोजित इंस्पायरपिंग बिज़नेस वूमेन अवार्ड शो रोमन पार्क में आयोजित किया गया था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सीएम विष्णु देव साय की धर्मपत्नी कौशल्या देवी साय और दुर्ग महापौर अल्का बघमार उपस्थित रहीं। इस अवसर पर भिलाई दुर्ग की टॉप 100 बिज़नेस वूमेन को सम्मानित किया गया। विधायक पत्नी ऋचा रिकेश सेन, डॉ मानसी गुलाटी, रोजलीना, प्रभा गुप्ता, डॉ सोनाली चक्रवर्ती, सरोजनी पाणिग्रही, वैदिक ज्योतिषी व अंक शास्त्री मनीषा पारप्यानी, ऑर्गेनिक ब्यूटी ट्रीटमेंट सेण्टर की संचालिका विनीता शशांक शुक्ल को जरुरतमंद महिलाओं को विधिवत प्रशिक्षण देकर आत्मनिर्भर बनाने और सौन्दर्य के क्षेत्र में नवाचार अपनाने, जैसे हानि रहित ऑर्गेनिक सौन्दर्य उपचार के माध्यम से त्वचा, विशेषकर चेहरे की देखभाल को बढ़ावा देने और युवा उद्यमी दिशा जैन को नवाचार अपनाकर आज की युवा पीढ़ी विशेषकर शिक्षित युवतियों को स्वरोजगार के लिये प्रेरित करने के लिए दिया गया। संस्था की अध्यक्ष वेणु वर्मा द्वारा लिखित पुस्तक द विंग्स ऑफ चेंज का भी विमोचन किया गया।

## परीक्षा के लिए लिखने की प्रैक्टिस जरुरी, बढ़ाएं स्पीड



**भिलाई।** सीजी बोर्ड दसवीं- बारहवीं की बोर्ड परीक्षा के लिए छात्रों की पढ़ाई लगातार जारी है। सीबीएसई और माध्यमिक शिक्षा मंडल की परीक्षाएं प्रारंभ हो चुकी हैं। परीक्षा के दौरान बच्चों को टेंशन न लेकर बेहतर प्रेजेंटेशन पर फोकस करना चाहिए। एग्जाम टिप्स को लेकर राम नगर स्कूल की शिक्षिका प्रिती सार्वा ने कई टिप्स साझा किए हैं।

- परीक्षा के दौरान दूसरों पर फोकस करने के बजाय खुद पर ज्यादा ध्यान दे।
- वार्षिक परीक्षा नजदीक होने के कारण अब कुछ नया पढ़ने की कोशिश ना करें।
- परीक्षा के दौरान प्रश्नों में पहले प्रस्तावना लिखें, वहीं अंत में निष्कर्ष लिखे।
- इतिहास विषय में समय व दिन बहुत महत्वपूर्ण होते हैं। अधिक लिखने की आवश्यकता भी होती है। इसलिए इन दोनों ही बिंदुओं पर ध्यान दें।
- अब तक जितना याद किया गया है, उसका रिविजन करते चलें।
- रट्टा मारकर याद नहीं किया जा सकता। प्रश्नों को समझकर याद करने की कोशिश करें।
- तीन घंटे निरंतर लिखने की तैयारी अभी से करते चलें।
- समय की महत्ता को समझते हुए, याद करने के लिए पॉइंट बनाते हुए चलें।
- परीक्षा के दौरान यात्रा व बाहरी भोजन से दूर रहें।
- बीते वर्ष के प्रश्न पेपर के साथ ही ब्लू प्रिंट के प्रश्नों को हल करते रहें।
- रोजाना 10 से 15 मिनट ध्यान करने की कोशिश करें। इससे अपका ध्यान पढ़ाई में लगे रहेगा।

साइंस कॉलेज के राजनीति विभाग द्वारा दो दिवसीय संगोष्ठी आयोजित

# हिमालय-हिंद महासागर राष्ट्र समूह की एकजुटता जरूरी, नहीं तो चीन जैसे देश हमारे लिए सबसे बड़ा खतरा

कार्नर न्यूज

**दुर्ग।** साइंस कॉलेज के राजनीति विभाग द्वारा हिमालय-हिंद महासागर राष्ट्र समूह एवं भारत सांस्कृतिक, आर्थिक, रणनीतिक संबंध एवं संभावनाएं विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हेमचंद यादव दुर्ग विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति डॉ. एनपी दीक्षित थे। डॉ. दीक्षित ने अपने संबोधन में हिमालय हिंद महासागर क्षेत्र की महत्ता और राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए इस क्षेत्र की सांस्कृतिक एकता को आवश्यक बताया। उन्होंने कहा कि हिमालय क्षेत्र का विस्तार इरान, इराक से इंडोनेशिया तक है। इंडोनेशिया का ग्रीक में अर्थ है भारत का द्वीप। राजनीति विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. शकील हुसैन द्वारा विषय की प्रस्तावना रखी और यह बताया कि इस विषय को चर्चा के लिए चुनने का मुख्य आधार, संस्कृति व सुरक्षा के पारस्परिक सम्बन्धों को समझना है।



### शंगाई कोऑपरेशन, क्वाड जैसे संगठन भारत के लिए ज्यादा कारगर नहीं

ईग्नू नई दिल्ली के प्रोफेसर सतीश कुमार ने अपने वक्तव्य में बताया कि शंघाई कोआपरेशन ,क्वाड जैसे संगठन भारत के लिए ज्यादा कारगर नहीं हो सके, क्योंकि इन संगठनो की डोर भारत के हाथ में नहीं थी। भारत नेपाल के सम्बन्ध में चीन के हस्तक्षेप को भी आपने खतरनाक बताया । राष्ट्रीय सुरक्षा जागरण मंच के राष्ट्रीय संगठनमंत्री श्री गोलक बिहारी राय जी ने बताया कि चीन की विस्तारवादी नीतियों के कारण पड़ोसी देशों की संप्रभुता खतरे में पड़ गई है। संगोष्ठी के द्वितीय दिवस के मुख्य वक्ता सप्रे ने भारतीय ज्ञान परंपरा का विस्तार पूर्वक वर्णन कर संस्कृति के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के अध्यक्ष एवं महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अजय कुमार सिंह ने अखंड भारत का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि अखंड भारत के लिए क्षेत्र में सांस्कृतिक एकता आवश्यक है। राष्ट्रीय सुरक्षा जागरण मंच के राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने अपने वक्तव्य में कहा कि जिस प्रकार यूरोपीय देशों मे एकता देखी जाती है। उसी प्रकार हिंद महासागरीय राष्ट्र समूह की भी एकता होनी चाहिए।

### चीन धीरे-धीरे मंगोलिया, तिब्बत, उईगुर को निगल रहा

हिमाचल प्रदेश केन्द्रिय विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति तथा हरियाणा साहित्य एवं संस्कृति विभाग के उपाध्यक्ष प्रोफेसर कुलदीप चंद्र अग्निहोत्री ने चीन के विस्तारवाद पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि किस प्रकार चीन ने मंगोलिया तिब्बत और उईगुर प्रांत को निगल लिया।

भारत की सीमाओं पर चीन का बढ़ते खतरे के प्रति सावधान रहना तथा चीन की विस्तारवादी नीति पर अंकुश लगाना आवश्यक है । संगोष्ठी में आए विभिन्न प्रतिभागियों ने अपने अपने पेपर प्रेजेंट किए। हिमालय हिंद महासागर की सुरक्षा सांस्कृतिक एकता पर निर्भरकार्यक्रम में समापन सत्र के मुख्य अतिथि डॉ. राजेश पांडे क्षेत्रीय अपर संचालक उच्च शिक्षा ने बताया कि हिमालय हिंद महासागर राष्ट्र समूह क्षेत्र की सुरक्षा इस क्षेत्र की सांस्कृतिक एकता पर निर्भर है और इस क्षेत्र की संस्कृतियों पर भारतीय संस्कृति का बहुत ही गहरा प्रभाव है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में प्राध्यापक, अतिथि प्राध्यापक, शोधार्थी, विद्यार्थी एवं महाविद्यालय के कर्मचारी उपस्थित थे। साथ ही बड़ी संख्या में ऑनलाइन भी प्रतिभागी उपस्थित थे।

हेल्थ टिप्स

## सोकर उठने के बाद कंधों में होता है तेज दर्द, इन एक्सरसाइज की लें मदद



कई बार हम सुबह उठते हैं और हमारे कंधे में इस कदर अकड़न हो जाती है कि हाथ हिलाना डुलाना भी मुश्किल हो जाता है,दरअसल जब हम सोते हैं तो हमें यह मालूम में नहीं चलता है कि हम किस पोजीशन में सो रहे हैं। खराब पोजीशन के कारण सुबह के समय दर्द होने लगता है। ज्यादातर लोग को यह समझ नहीं आता है कि उन्हें दर्द क्यों हो रहा है। कामकाज प्रभावित न हो इसके लिए लोग ओवर द काउंटर दवा ले लेते हैं, लेकिन पेन किलर खाने से आपको नुकसान भी हो जा सकता है। अगर आपको भी सुबह उठने के साथ कंधे में स्टिफनेस महसूस हो तो आप कुछ एक्सरसाइज का अभ्यास कर सकते हैं।

### पेंडुलम एक्सरसाइज

कंधों की अकड़न को दूर करने के लिए आप पेंडुलम एक्सरसाइज कर सकते हैं। इसके लिए आप कमर के पास से झुक जाएं और हाथों को बिल्कुल रिलैक्स छोड़ दें और शरीर से दूर लटकने दें। इसे क्लॉक वाइज और एंटी क्लॉक वाइज धीरे-धीरे घुमाएं। ऐसा काम से कम 2 से 4 मिनट तक करें। इससे कंधों में लचीलापन आएगा और अकड़न से राहत मिलेगी।

### वॉल स्लाइड



कंधों की अकड़न दूर करने के लिए आप बहुत ही आसान सा एक्सरसाइज वॉल स्लाइड कर सकते हैं। इसके लिए आपको दीवार की तरफ मुंह करके दोनों हथेलियां को दीवार से सटाना होता है और हाथों को ऊपर ले जाना होता है।इस तरह से हाथों को 15 से 20 सेकंड तक स्ट्रेच करें, रोजाना इसे करने से आपको फायदा होगा। (खरगोश आसन करने के फायदे)

### शोल्डर रोल

शोल्डर रोल एक्सरसाइज के जरिए भी आप आराम पा सकते हैं। इसके लिए आप सबसे पहले जमीन पर खड़े हो जाएं और अपने पैरों को एक दूसरे से थोड़ा अलग कर लें अपने दोनों हाथों को अपने कंधे पर रखें, सांस अंदर लें और अपने कंधों और हाथों को गोल आकार में घुमाएं। इस दौरान आपकी पीठ पूरी तरह से सीधी रहेगी। इस एक्सरसाइज को कम से कम 15 से 20 बार करें। इससे आपको आराम मिलेगा।



### पेंडुलम एक्सरसाइज़

कमर के पास से झुककर हाथों को शरीर से दूर लटकने दें। फिर, धीरे-धीरे घुमाएं। क्रॉस बॉडी आर्म स्ट्रेचः दूसरे हाथ के कंधे के ऊपर हाथ को खींचें और दूसरे हाथ से पकड़ें। ओवरहेड शोल्डर स्ट्रेचः हाथ को ऊपर की ओर उठाएं और दूसरी ओर ले जाकर खींचें। कंधे की हड्डी को सिकोड़नाः पीठ सीधी रखकर, कंधे ढीले रखें। फिर, कंधों की हड्डियों को एक दूसरे की ओर दबाएं। लेटकर कंधे के आंतरिक घुमावः पीठ के बल लेटकर, कोहनी को अंदर की ओर मोड़ें और बांह को पेट की ओर ले जाएं। चक्रवकासनः गर्दन और कंधों की अकड़न दूर करने के लिए यह योगासन किया जा सकता है। इसके अलावा, बर्फ़ या गर्मी लगाने से भी कंधे के दर्द से आराम मिल सकता है। कंधे के दर्द के कुछ और उपायः अजवाइन और सेंधा नमक से पोटली बनाकर प्रभावित हिस्से पर सेंक करें। सोंठ, अश्वगंधा, मेथी दाना, और शल्लकी का इस्तेमाल करें। कोल्ड कंप्रेस लगाएं।

हृदय रोग और हार्ट अटैक के मामले तेजी से बढ़ रहे

# कोलेस्ट्रॉल-ट्राइग्लिसराइड में संतुलन जरूरी अपने दिल की सेहत को लेकर रहें हमेशा सचेत

हृदय रोग, दुनियाभर में मृत्यु के प्रमुख कारणों में से एक है। कुछ दशकों पहले तक इसे उम्र बढ़ने के साथ होने वाली बीमारी के रूप में जाना जाता था, हालांकि समय के साथ अब युवा-वयस्क भी इसके शिकार होते जा रहे हैं। अध्ययनों से पता चलता है कि कोरोना महामारी के बाद से गंभीर हृदय रोग और हार्ट अटैक के मामले काफी तेजी से बढ़ गए हैं। जिन लोगों को कोरोना का संक्रमण रहा है उनमें जोखिम और भी अधिक हो सकता है। इसके अलावा अगर आपकी लाइफस्टाइल और आहार गड़बड़ है तो इससे खतरा और भी बढ़ जाता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ सभी उम्र के लोगों को हार्ट की सेहत का ध्यान रखने की सलाह देते हैं। हृदय रोग विशेषज्ञ कहते हैं, नियमित रूप से कुछ जांच कराते रहना हृदय की सेहत पर ध्यान रखने में सहायक हो सकता है। विशेषतौर पर यदि आपके ब्लड में कोलेस्ट्रॉल और ट्राइग्लिसराइड का स्तर सामान्य से अधिक बना रहता है तो ये अलार्मिंग माना जाता है, ऐसे लोगों में दिल का दौरा पड़ने के साथ कई अन्य जानलेवा समस्याओं का खतरा रहता है। क्या आप कोलेस्ट्रॉल और ट्राइग्लिसराइड के बारे में जानते हैं?



### कोलेस्ट्रॉल और ट्राइग्लिसराइड भी जरूरी

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, कोलेस्ट्रॉल और ट्राइग्लिसराइड दोनों शरीर के लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं। ट्राइग्लिसराइड्स का उपयोग हमारी कोशिकाएं ऊर्जा के लिए करती है, जबकि कोलेस्ट्रॉल कोशिका झिल्लियों की संरचना के निर्माण करने के लिए महत्वपूर्ण है। हालांकि इनकी बढ़ी हुई मात्रा शरीर के लिए कई प्रकार से नुकसानदायक हो सकती है। जिन लोगों के रक्त में इन दोनों की अधिकता होती है, उनमें हृदय रोगों के विकसित होने और गंभीर स्वास्थ्य जोखिमों का खतरा बढ़ जाता है। आइए इसके बारे में समझते हैं।


### पहले जानिए कोलेस्ट्रॉल क्या है?




कोलेस्ट्रॉल मोम जैसा पदार्थ होता है जिसकी उचित मात्रा शरीर के अच्छे स्वास्थ्य के लिए आवश्यकता होती है। हालांकि कोलेस्ट्रॉल का अस्वास्थ्यकर स्तर हार्ट अटैक के खतरों को बढ़ाने वाली हो सकती है। 200 mg/dL से कम कोलेस्ट्रॉल का स्तर सामान्य है। 240 mg/dL या इससे अधिक का स्तर उच्च माना जाता है, जो समस्याकारक स्थिति है। आमतौर पर हाई कोलेस्ट्रॉल के कोई लक्षण नहीं होते हैं। लेकिन अगर इसका इलाज नहीं किया गया और ये बढ़ा हुआ रहता है तो ऐसे लोगों में दिल का दौरा और स्ट्रोक का खतरा अधिक हो सकता है।

### ट्राइग्लिसराइड से होने वाली समस्या

ट्राइग्लिसराइड्स एक प्रकार का फैट है। मक्खन, तेल जैसे वसा वाले खाद्य पदार्थों के कारण ट्राइग्लिसराइड्स की मात्रा बढ़ सकती है। 150 मिलीग्राम प्रति डेसीलीटर या इससे कम की मात्रा को सामान्य माना जाता है। इसके बढ़ने के कारण स्वास्थ्य जोखिम भी बढ़ने लगते हैं।



ट्राइग्लिसराइड्स की अधिकता धमनियों को सख्त और इसकी दीवारों को मोटा कर देती है जिससे स्ट्रोक, दिल का दौरा और हृदय रोगों का खतरा बढ़ जाता है। इसकी बढ़ी हुई मात्रा को अग्नाशय और पाचन स्वास्थ्य के लिए भी हानिकारक माना जाता है।

### कोलेस्ट्रॉल और ट्राइग्लिसराइड को कैसे करें कंट्रोल?

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, लाइफस्टाइल और दिनचर्या को ठीक रखकर कोलेस्ट्रॉल और ट्राइग्लिसराइड कंट्रोल रखने में मदद मिल सकती है। कम उम्र से ही आपको आहार में विशेष सुधार करना चाहिए। नियमित रूप से व्यायाम करने के साथ आहार में चीनी और प्रोसेस्ड कार्बोहाइड्रेट वाली चीजों की मात्रा की कम रखना आपके लिए आवश्यक है।



## डेस्क जॉब और दिनभर कुर्सी पर बैठने वाले करें ये स्ट्रेच, दूर होगी अकड़न

दुनिया में करोड़ों लोगों की तरह शायद आपकी भी जॉब ऐसी हों, जिसमें दिनभर बैठा रहना पड़ता हो। जो लोग एक स्थिति में घंटों बैठे रहते हैं, उनके शरीर में दर्द होना शुरू हो जाता है। समस्या बढ़ने पर बॉडी पॉश्चर भी बिगड़ सकता है।

आज के समय में बिजनेस मेन हो या ऑफिस जॉब करने वाला, हर कोई सीट पर बैठकर कंप्यूटर / लैपटॉप के सामने घंटों काम करता है। कई लोग इससे राहत पाने के लिए एर्गोनोमिक कुर्सी का प्रयोग करते हैं, जो इस तरह के दर्द को रोकने में मदद कर सकती हैं। लेकिन यह भी हकीकत है कि कई लोगों की दुकान या ऑफिस में इस तरह की महंगी चेयर नहीं होंगी। ऐसे में वे अधिकतर समय एक ही स्थिति में बैठे रहते हैं। ऐसे में अनकम्फर्टेबल कुर्सी पीठ दर्द, सिर दर्द, तनाव, गर्दन और कंधों में जकड़न / अकड़न और लचीलेपन में कमी का कारण बन सकती है। इस अकड़न को कम करने के लिए मसल्स लूज करना जरूरी है, जो कि स्ट्रेचिंग से किए जा सकते हैं।

स्टडी के मुताबिक नियमित रूप से की गई स्ट्रेचिंग गर्दन और कंधे के दर्द को कम करती है। जिससे ऑफिस में प्रोडक्टिविटी बढ़ती है। यदि आप भी उनमें से एक हैं, जो देर तक एक ही कुर्सी पर बैठकर ऑफिस या डेस्क जॉब करते हैं। इस कारण आपके भी बदन दर्द होता है, तो आज कुछ ऐसे आसान स्ट्रेच जिनसे डेस्क पर काम करते समय बॉडी में बिल्कुल भी अकड़न और दर्द नहीं होता।

### स्ट्रेचिंग के फायदे यहां समझें



ऑफिस में सिटिंग जॉब करने वालों को एक्सरसाइज से भी काफी मदद मिलती है। लेकिन हर कोई जिम नहीं जा सकता। कुछ लोग सुबह बिस्तर पर स्ट्रेचिंग करना पसंद करते हैं। लेकिन कई लोग ऐसा नहीं करते।

ऐसे लोगों को बताना चाहूंगा, स्ट्रेचिंग के कुछ फायदे भी हैं जिनके बारे में हर कोई नहीं जानता। स्ट्रेचिंग हर किसी की लाइफ स्टाइल को कई तरह से फायदा पहुंचाती है। भले ही स्ट्रेचिंग में कम समय लगता है लेकिन यह लंबे समय में प्रोडक्टिविटी में सुधार कर सकती है।

स्ट्रेचिंग से जोड़ों और मसल्स का ब्लड फ्लो बढ़ता है। जैसा वर्कआउट करते समय भी होता है और आप अच्छा महसूस करते हैं। विभिन्न मसल्स में खिंचाव के बाद शरीर आमतौर पर बेहतर महसूस करता है। लेकिन ऑफिस में स्ट्रेचिंग करते समय विशेष रूप से ध्यान रखें कि आप ठंडे मसल्स को ढीला कर रहे हैं। इसलिए धीरे-धीरे स्ट्रेच करें, नहीं तो मसल्स में खिंचाव आ सकता है। गर्दन, पीठ, कंधों, हिप्स की अकड़न ध्यान में रखते हुए फ्लेग्जिबिलिटी स्ट्रेचिंग एक्सरसाइज कुछ ही समय में आपको शरीर की अकड़न कम करने में मदद करेगी।

### वन आर्म हग

इस स्ट्रेच को करते समय दायां हाथ आगे से बाएं कंधे पर रखें। इसके बाद अधिक खिंचाव के लिए बाएं हाथ से दाएं हाथ की कोहनी को पीछे की ओर धकेलें। इससे हाथ और शोल्डर पर स्ट्रेच आएगा। इस स्ट्रेच को दोनों हाथों से 30-30 सेकेंड के लिए 2-3 बार करें।

## रात में भिगो रहे हैं ओटमील तो न करें ये 5 गलतियां, स्वाद में भी नहीं आएगी कमी

ओटमील वजन कम करने करने किसी बढ़िया सुपरफूड से कम नहीं है। इसे अक्सर रात को भिगोकर सुबह फ्रूट्स के मिलाकर खाया जाता है। इसे और भी हेल्दी बनाने के लिए लोग तरह-तरह के ड्राई फ्रूट्स में इसमें डालते हैं।

बिगिनर के लिए ऐसी गलतियां करना आम हैं। मगर कैसे पता चलेगा कि आप ओटमील सही ढंग से भिगो रहे हैं या नहीं? तो आइए जानते हैं वे 5 गलतियां जिन्हें करने से बचना चाहिए, ताकि आपका ओटमील परफेक्ट और स्वादिष्ट बने।

ओवरनाइट ओट्स बनाने में सबसे जरूरी बात सही रेशियो में दूध और ओट्स मिलाना होता है। अगर दूध ज्यादा होगा, तो ओटमील बहुत पतला और पानी जैसा हो जाएगा। वहीं, अगर दूध कम होगा, तो ओट्स पूरी तरह भीग नहीं पाएंगे और वे सूखे लगेंगे। सही संतुलन बनाए रखने के लिए 1:1 का रेशियो सही रहता है, यानी जितना ओट्स लें, उतना ही दूध मिलाएं। अगर आपको क्रीमी टेक्सचर पसंद है, तो इसमें ग्रीक योगर्ट या चिया सीड्स भी मिला सकते हैं।

स्वीटनर जैसे चीनी, शहद, गुड़ या मेपल सिरप डालने से ओट्स का स्वाद बेहतर हो सकता है, लेकिन अगर आप ज्यादा मात्रा में स्वीटनर डालते हैं, तो यह सेहत के लिए नुकसानदायक हो सकता है। साथ ही, ज्यादा मीठे ओट्स खाने में भी अच्छे नहीं लगते। फिर फ्रूट्स मिलाने से भी यह ज्यादा मिठास आ सकती है। इसका बेहतर विकल्प यह है कि आप फ्रूट्स, ड्राई फ्रूट्स या दालचीनी जैसी प्राकृतिक चीजों का इस्तेमाल करें, जिससे मिठास भी मिले और पोषण भी बना रहे।

ओट्स कई प्रकार के होते हैं- स्टील कट ओट्स, रोल्ड ओट्स और इंस्टेंट ओट्स। ओवरनाइट ओट्स के लिए रोल्ड ओट्स सबसे अच्छे होते हैं क्योंकि वे दूध



को अच्छी तरह सोख लेते हैं और सुबह तक क्रीमी और सॉफ्ट हो जाते हैं। स्टील कट ओट्स बहुत हार्ड होते हैं और रातभर भिगोने के बाद भी पूरी तरह नरम नहीं होते। वहीं, इंस्टेंट ओट्स बहुत जल्दी गीले हो जाते हैं और सुबह तक उनका टेक्सचर गड़बड़ हो सकता है। इसलिए सही प्रकार के ओट्स का चुनाव बहुत जरूरी है। ओट्स का असली स्वाद तब आता है जब उसमें सही फ्लेवर और टॉपिंग डाले जाएं। कई लोग सारे टॉपिंग रात को ही डाल देते हैं, जिससे सुबह तक वे नरम और गीले हो जाते हैं और स्वाद खराब हो जाता है। खासकर नट्स और ताजे फलों को सुबह डालना चाहिए, ताकि उनकी क्रंचीनेस बनी रहे। अगर आप ड्राई फ्रूट्स जैसे किशमिश या अंजीर डाल रहे हैं, तो उन्हें रात को भी डाल सकते हैं ताकि वे अच्छी तरह से फूल जाएं और स्वाद में घुल-मिल जाएं।

ओट्स को स्टोर करने का सही तरीका भी बहुत मायने रखता है। अगर आप इन्हें सही से स्टोर नहीं करेंगे तो इनका स्वाद और टेक्सचर बिगड़ सकता है। ओटमील को एयरटाइट जार या ढक्कन वाली बाउल में स्टोर करें और हमेशा फ्रिज में रखें। यदि आप इसे बाहर छोड़ देंगे तो यह खराब हो सकता है और बैक्टीरिया पनप सकते हैं। ओवरनाइट ओट्स को 2-3 दिन तक फ्रिज में स्टोर किया जा सकता है।

## घर में बेलपत्र का पौधा लगाने का नियम जाने वास्तु के नजरिए से

बेल के पौधे को ज्योतिष और वास्तु में बहुत शुभ माना जाता है। इस पौधे की पत्तियों को हमेशा भगवान शिव की पूजा में अर्पित किया जाता है। ऐसा कहा जाता है कि यदि आप इस पौधे को घर पर लगा रही हैं तो वास्तु के नियमों का पालन जरूरी है। धार्मिक दृष्टिकोण से, बेल के पेड़ को पवित्र और प्रभावशाली माना जाता है और इस पेड़ की पूजा से घर में सुख-शांति और समृद्धि का वास होता है। इसलिए, बेल के पेड़ को शिव जी के साथ जुड़ी हुई विशेष पूजा और आस्था का हिस्सा माना जाता है।



घर में बेल का पौधा लगाना वास्तु शास्त्र और धार्मिक दृष्टिकोण से बहुत शुभ माना जाता है। विशेष रूप से यह पौधा भगवान शिव से जुड़ा है, इसलिए जिस स्थान पर ये पौधा होता है वहां भगवान शिव की कृपा दृष्टि सदैव बनी रहती है। मान्यता है कि इस पौधे को यदि आप अपने घर की सही दिशा में लगाती हैं तो सदैव शिव जी की कृपा दृष्टि बनी रहती है।

भिलाई बाजार
Contact for Advertisement
62675 75723, 80856 50925



भिलाई शरह में सुप्रसिद्ध ज्योतिष
पं. सूर्य कुमार शर्मा माँ बगुला मुखि उपासक
फीस 251/-
पं. सूर्य कुमार शर्मा माँ बगुला मुखी की असीम कृपा और साधना द्वारा समस्या हेतु जन्म कुण्डली देखकर महा दशाओं के आधार पर आर्थिक मानसिक, शारीरिक, पारिवारिक, नौकरी एवं व्यापार संबंधित काल सर्प दोष, मांगलिक दोष, पिशाच दोष, गृहणी दोष, गृहकलेश, पति पत्नी विवाद, विवाह में बाधा, संतान सुख में कमी, गुप्त शत्रु बाधा, उच्चाटन, मारण, मस्तिष्क दमन, वशीकरण इन बाधाओं से पीड़ित भक्तगण की समस्या माँ बगुला मुखी की साधना द्वारा समाधान
माँ बगुला मुखी ज्योतिष कार्यालय
पता - जुनवानी कोहका रोड, अमन ढाबा के बाजु में, भिलाई
समय - सुबह 10 बजे से शाम 7 बजे तक
मो.: 8871250663

कार्नर न्यूज

दूसरों से अलग दिखने उठाएं जरूरी कदम

# खाली वक्त में इस तरह के काम करके बन जाएं दूसरों से स्मार्ट, लोग चल पड़ेंगे आपके रास्ते पर

आप दूसरों से अलग दिखना चाहते हैं और इसके लिए वो सब करते हैं, जो आपको जरूरी लगता है। तो क्या आप अपने मंसूबों में सफल हो गए हैं? अगर नहीं तो हमारे पास कुछ नायाब तरीके हैं। ये वो तरीके हैं जो आपको दूसरों से अलग साबित करेंगे और वो भी सिर्फ दिखाने के लिए नहीं बल्कि आप सच में दूसरों से अलग हो जाएंगे। आपमें वो खूबियां होंगी जो आपको दूसरों से अलग बनाएंगी। इसलिए आप अगर खुद को दूसरों से अलग महसूस करते हैं तो अब ऐसा सोचना बंद कर दीजिए, हम आपके लिए कुछ खास तरीके ले आए हैं। इन तरीकों को जानिए और खुद को दूसरों से अलग बनाइए, इसके लिए आपको अलग से समय भी नहीं निकालना है बल्कि आपको अपने फ्री टाइम को इस्तेमाल करना है बस।

हम आपको यहां पर ऐसी एक्टिविटी करने की सलाह देंगे, जो पर्सनालिटी को उभारती हों। जो आपकी मानसिक स्थिति को मजबूत करती हों। दरअसल कुछ स्टडी में पाया गया है कि कई तरह की ऐसी एक्टिविटी होती हैं, जिनके साथ लोग आपको ज्यादा स्मार्ट मानते हैं।

इन एक्टिविटी की बात करें तो इनमें आप अपनी हॉबी शामिल कर सकते हैं। क्योंकि ज्यादातर हॉबी ऐसी होती हैं जो हर किसी को नहीं आती हैं। ऐसे में अगर आप



उस हॉबी को अपना लेते हैं तो आप अपने आप ही दूसरों से अलग महसूस करने लगते हैं।

लेकिन ध्यान देने वाली बात ये भी है कि आपको कोई भी हॉबी नहीं अपनानी है बल्कि आपको हॉबी का चुनाव सोच समझकर करना है। आप किन-किन हॉबी को चुन सकते हैं, समझ लीजिए-

### भाषा सीखिए

एक नई भाषा के जानकार अक्सर नहीं होते हैं। आमतौर पर लोगों को अपने क्षेत्र की भाषा और इंग्लिश का ज्ञान ही होता है। आपको अगर एक और भाषा आती है तो आप जरूर ही दूसरों से अलग महसूस करेंगे।

### मेडिटेशन

मेडिटेशन आपको शारीरिक ही नहीं मानसिक तौर पर भी मजबूत बनाता है।

### एक्सरसाइज

एक्सरसाइज़ जरूरी है लेकिन कितने लोग इसे नियम से कर ही पाते हैं, बहुत कम, ऐसे में आप जब एक्सरसाइज़ करके फिट होंगे तो दूसरों से अलग लगेंगे ही।

### म्यूजिक इंस्ट्रूमेंट चलाना

म्यूजिक इंस्ट्रूमेंट सच में ऐसा काम है तो जो शायद 100 में से 1 इंसान को ही आता होगा। ये काम सीखकर आप अलग तो महसूस करेंगे ही।

### ट्रैवलिंग

ट्रेवलिंग हालांकि बहुत से खर्चे से जुड़ी है लेकिन ये सच में मानसिक तौर पर मजबूत कर देती है। और हां, सब शौक के तौर पर घूमने का सपना पूरा भी नहीं आकर पाते हैं।



## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## किसी परीकथा की तरह परदे पर उतारी गई है ऑस्कर बटोरने वाली 'अनोरा'



ऑस्कर 2025 का आयोजन लॉस एंजिल्स के डॉल्बी थिएटर में किया गया। यहां सीन बेकर की फिल्म 'अनोरा' ने बेस्ट फिल्म और बेस्ट एक्ट्रेस समेत कुल पांच अवॉर्ड अपने नाम किए। जहां अभिनेत्री मिकी मैडिसन को इस फिल्म के लिए बेस्ट एक्ट्रेस के अवॉर्ड से नवाजा गया। वहीं फिल्म को बेस्ट डायरेक्टर (सीन बेकर), बेस्ट स्क्रीनप्ले और बेस्ट एडिटिंग का अवॉर्ड भी मिला। सीन बेकर की फिल्म 'एनोरा' किसी परिकथा की तरह लगती है। फिल्म की मुख्य किरदार एनी (मिकी मैडिसन) एक स्ट्रिप क्लब में डांसर है। वह एक रशियन लड़की है, लेकिन वह अमेरिका में रहती है और उसे अंग्रेजी बोलना पसंद है। एनी एक खानदानी और अमीर बिजनेसमैन से शादी कर लेती हैं। जब यह बात उसके माता-पिता को पता चलती है, तो वह रशिया से न्यूयॉर्क के लिए उसकी शादी तोड़ने निकल पड़ते हैं। अनोरा ने अब तक अलग-अलग कैटेगरी में मिले 193 नॉमिनेशंस में से 75 अवॉर्ड अपने नाम किए हैं। जानें फिल्म ने कौन से प्रमुख अवॉर्ड अपने नाम किए। ऑस्कर 2025 - छह नॉमिनेशन में से बेस्ट फिल्म समेत पांच अवॉर्ड अपने नाम किए। कान फिल्म फेस्टिवल - यहां फिल्म को सबसे प्रतिष्ठित पाम डिओर अवॉर्ड से नवाजा गया था। बाफ्टा - बाफ्टा में फिल्म को कुल सात नॉमिनेशन मिले थे, जिसमें से बेस्ट एक्ट्रेस और बेस्ट कॉस्टिंग का अवॉर्ड अपने नाम किया। इंडीपेंडेंट स्पिरिट अवॉर्ड- इंडीपेंडेंट स्पिरिट अवॉर्ड में पांच नॉमिनेशन में से तीन पर 'अनोरा' ने कब्जा जमाया, जिसमें, बेस्ट लीड परफॉर्मेंस, बेस्ट डायरेक्टर और बेस्ट फीचर शामिल हैं।

### टॉलीवुड

## अक्किनेनी की 'एजेंट' ओटीटी पर रिलीज होने जा रही दो साल बाद



सुपरस्टार नागार्जुन अक्किनेनी के छोटे बेटे अखिल अक्किनेनी पिछली बार फिल्म 'एजेंट' में नजर आए थे, जिसमें वह भरपूर एक्शन करते दिखे। अखिल अक्किनेनी की फिल्म 'एजेंट' एक्शन से भरी जासूसी थ्रिलर फिल्म है। यह फिल्म 28 अप्रैल 2023 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी, लेकिन अब करीब दो साल बाद जाकर फिल्म को ओटीटी पर रिलीज किया जा रहा है।

जासूसी थ्रिलर फिल्म 'एजेंट' को 14 मार्च, 2025 से सोनी लिव पर स्ट्रीम होगी। कई बार देरी और हिंदी टीवी प्रीमियर के बाद, यह फिल्म तेलुगु के साथ-साथ मलयालम, तमिल और कन्नड़ में भी स्ट्रीम होगी, जिससे अखिल के ज्यादा प्रशंसक इस फिल्म को देख सकें। फिल्म निर्माताओं ने इसकी पुष्टि करते हुए एक वीडियो एक्स पर साझा किया और लिखा, 'अलर्ट एक ऐसा जासूस जो किसी और जैसा नहीं है। मिशन ब्रीफ चालाकी भरी चालें। जानलेवा दांव। बेहतरीन एक्शन।' फिल्म 'एजेंट' का निर्देशन सुरेंदर रेड्डी ने किया है। यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाई, लेकिन अखिल के प्रशंसक इसे लेकर अभी भी उत्साहित हैं। इसमें मॉलीवुड के बड़े स्टार ममूटी अहम किरदार में हैं, जबकि साक्षी वैद्य और डिनो मोरिया भी मुख्य भूमिकाओं में नजर आए। फिल्म की कहानी वक्कन्थम वामसी ने लिखी है और इसे रामब्रह्मम सुनकारा ने प्रोड्यूस किया है। हिपहॉप तमिझा ने फिल्म में संगीत दिया है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, फिल्म को करीब 85 करोड़ रुपये की लागत में बनाया गया था। वहीं इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर महज 8 करोड़ रुपये का कारोबार किया था। लंबे इंतजार के बाद आखिरकार, 'एजेंट' की ओटीटी रिलीज तय होने पर अखिल के प्रशंसक खुश हैं और उम्मीद कर रहे हैं कि अब कोई देरी नहीं होगी। एजेंट में भरपूर एक्शन, ड्रामा और सस्पेंस है, जो दर्शकों को बांधे रख सकता है।

### भोजपुरी

## प्रीति और अवधेश की 'आरा हिले छपरा हिले' से धांसू बिजनेस की उम्मीद



भोजपुरी फिल्म एक्ट्रेस प्रीति शुक्ला और अवधेश मिश्रा की नई फिल्म 'आरा हिले छपरा हिले' की शूटिंग जोरों पर चल रही है। यह फिल्म अंशुमन सिंह फिल्म क्रिएशन और मैडज़ मूवीज के बैनर तले बनाई जा रही है। फिल्म के प्रोड्यूसर अंशुमन सिंह और मधु शर्मा हैं, जबकि डायरेक्टर संजीव बोहरपी हैं। 'आरा हिले छपरा हिले₹ एक मनोरंजक और रोमांचक कहानी पर आधारित है, जो दर्शकों को हंसाने के साथ-साथ उन्हें सोचने पर भी मजबूर करेगी। फिल्म की शूटिंग बिहार के विभिन्न स्थानों पर की जा रही है, जो इसे और भी खास बनाती है। प्रोड्यूसर अंशुमन सिंह ने कहा, 'हम भोजपुरी सिनेमा को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। 'आरा हिले छपरा हिले' एक ऐसी फिल्म है, जो दर्शकों को मनोरंजन के साथ-साथ एक सार्थक संदेश भी देगी।' फिल्म में प्रीति शुक्ला के साथ-साथ अवधेश मिश्रा, देव सिंह, रितेश उपाध्याय, ज्योति मिश्रा, अनीता रावत, जे. नीलम, संतोष मिश्रा, सायना सिंह, स्नेहा यादव, देवेंद्र पाठक, रिंकू आयुषी, राज मती और नवनीत मिश्रा जैसे कलाकार मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगे। प्रीति शुक्ला ने 'आरा हिले छपरा हिले' को लेकर खुशी जाहिर करते हुए कहा, 'यह फिल्म न केवल मनोरंजक है, बल्कि इसमें एक सार्थक संदेश भी छिपा हुआ है।

### अफ्रीकी मेन्स फैशन

दुनिया भर में अपनी पुरातन पहचान के साथ उजागर होता है। यहां का अगबाडा पुरुषों के लिए एक लोकप्रिय पोशाक है। यह गाउन लंबा, चौड़ी आस्तीन वाला होता है और अक्सर रेशमी कढ़ाई से सजाया जाता है। ज़्यादातर, अगबाडा को 'सोकोटो' ट्राउज़र के साथ पहना जाता है। मदीबा शर्ट एक ढीली-ढाली कैजुअल शर्ट है जो ट्राउजर के ऊपर लटकती है। यह कॉटन या सिल्क से बनी हो सकती है जिसमें बाटिक और चटकीले रंग हों।



लाइफ स्टाइल

## यह एक फूल काले करेगा आपके बाल, लगाते ही दिख जाएगा कमाल

एक समय बाद आपके सिर में चांदी दिखने लगती है यानी आपके सफेद बालों की संख्या बढ़ने लगती है। गुड़हल के फूल में ऐसे कई गुण होते हैं, जो बालों और स्कैल्प को फायदा पहुंचाते हैं। इतना ही नहीं, यह सफेद बालों को काला करने में भी मदद करता है। चलिए आपको गुड़हल के फायदे के साथ ही इस नुस्खे को बनाने और लगाने का तरीका भी बताएं-

### गुड़हल के फूल के फायदे

गुड़हल के फूल कई फ्लेवोनॉइड्स, एमिनो एसिड्स और ऐसे कई न्यूट्रिएंट्स से भरपूर होता है। यह स्कैल्प और बालों की जड़ों को पोषण देने का काम करता है। अगर आप इसे बालों पर लगाते हैं, तो यह ब्लड सर्कुलेशन को बेहतर बनाता है। इसके इस्तेमाल से बालों की जड़ें भी मजबूत होती हैं। इसके अलावा गुड़हल का फूल (गुड़हल के फूल के इस्तेमाल) निम्न तरीके से आपके बालों को फायदा पहुंचाता है।

सफेद बालों को काला करने के लिए गुड़हल का मास्क


इसके लिए सबसे पहले गुड़हल के फूल को धूप में 1-2 दिन सुखा लें। जब पत्तियां सूख जाएं, तो उसे क्रश कर लें। अब एक कटोरे में दही, विटामिन-ई कैप्सूल, कॉफी पाउडर, एलोवेरा जेल और गुड़हल के फूल डालकर अच्छी तरह से मिक्स कर लें। अपने बालों को कंघी करके दो भागों में डिवाइड कर लें। इसके बाद जड़ से लेकर एंड तक इसे अच्छी तरह से लगाएं।



इसे लगाने के बाद गर्म पानी में तौलिया डुबोएं और अच्छी तरह से निचोड़कर उसे सिर पर लपेट लें। आपको बालों को स्टीम लगनी चाहिए। इसके बाद तौलिया हटाकर 30 मिनट तक इस मास्क को छोड़ दें। 30 मिनट बाद, बालों को सामान्य तरीके से धो लें। अगर आपको शैंपू लगाना चाहती हैं, तो माइल्ड और बिना केमिकल वाला शैंपू ही इस्तेमाल करें। वैसे तो गुड़हल के फूल के कोई साइड इफेक्ट्स नहीं हैं, लेकिन अगर आपके पहले ही डार्क हेयर हैं, तो आप इसके पानी का इस्तेमाल करें। ऐसा इसलिए क्योंकि इसके फूल के रंग से बालों में बरगंडी या हल्का लाल चढ़ सकता है।

## दुल्हन के लिए सबसे परफेक्ट कलीरे डिजाइन, आप चुनिए अपनी पसंद







शादी का सीजन आते ही लोग अपनी तैयारियां पहले से ही करना शुरू कर देते हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि शादी में कई सारी रस्में होती हैं जिनके लिए अलग-अलग चीजों की जरूरत होती है। इसके लिए कुछ लोग कपड़ों की शॉपिंग में लगे होते हैं तो कुछ रिश्तेदारों को और रस्मों में लगने वाली चीजों की शॉपिंग करते हैं। वहीं दुल्हन अपने लिए लहंगा, चूड़ा, ज्वेलरी और कलीरों की शॉपिंग करती है। शादी में उसके लुक के लिए ये काफी जरूरी होता है। आजकल कलीरों के अलग-अलग डिजाइन मार्केट में मिलते हैं। आप भी इन्हें खरीदकर अपनी शादी में पहन सकती हैं।

### फ्लावर हार्ट शेप कलीरे

मार्केट में आपको कलीरे के कई सारे अलग-अलग ऑप्शन मिल जाएंगे। जिन्हें आप अपनी शादी में पहन सकती हैं। कई सारी लड़कियां होती हैं जो इसमें स्पेशली डिजाइन कराती हैं। आप चाहे तो ऐसा कर सकती हैं। वरना मार्केट से फ्लावर हार्ट शेप वाले कलीरे खरीदकर वियर कर सकती हैं। इसमें आपको थ्री लेयर में ये कलीरे डिजाइन मिलेंगे। इसमें पहले फूल की लेयर होगी। इसके बाद फूल और हार्ट शेप का डिजाइन मिलेगा। इस तरीके से थ्री लेयर होगी। आप चाहे तो इसमें फ्लावर के कलर को चेंज करा सकती हैं। इस तरीके के कलीरे की शुरुआत मार्केट में 2000 से होती है।

### पर्ल बैंगल्स कलीरे

आजकल पर्ल डिजाइन वाली ज्वेलरी काफी ट्रेंड में है। आप चाहे तो इस तरीके के कलीरे को स्टाइल कर सकती हैं। ये कलीरे आपक बैंगल्स के साथ अटैच मिलेंगे। इसमें ऊपर से लेकर नीचे तक पर्ल से डिजाइन बना होगा। इसके बीच में फ्लावर और घुंघरू लगे होंगे। ये दिखने के साथ-साथ पहनने में भी हैवी लगेंगे। आप इस तरीके के कलीरे को कस्टमाइज्ड (कलीरे डिजाइन) भी करा सकती हैं। मार्केट में यही कलीरे आपको 2000 से 5000 रुपये में मिलेंगे। इस तरीके के कलीरे पेस्टल कलर के लहंगों के साथ काफी अच्छे लगते हैं।

## हाथों की ड्राइनेस दूर करने के लिए घर पर बनाएं होममेड हैंड स्क्रब

चेहरे की ड्राईनेस को दूर करने के लिए हम कई तरह के नुस्खे ट्राई करते हैं। लेकिन हाथों की ड्राईनेस को दूर करना भूल जाते हैं। इसकी वजह से हमारे साथ खराब दिखने लगते हैं। इसके लिए आप इन घरेलू नुस्खों को ट्राई कर सकती हैं। इससे आपके हाथों की स्किन मॉइश्चराइज भी हो जाएगी। साथ ही हाथ मुलायम नजर आएंगे। इसके इंग्रीडिएंट्स आपको घर की रसोई में आराम से मिल जाएंगे।

### ऑलिव ऑयल एंड शुगर से बनाएं स्क्रब

ऑलिव ऑयल स्किन के लिए काफी लाभकारी होता है। इसमें मौजूद विटामिन ई स्किन को मॉइस्चराइज करने में मदद करता है। इसके अलावा डेड स्किन सेल्स को भी रिपेयर करता है। वहीं शुगर हाथों के रूखेपन को दूर करती है।

### ऑलिव ऑयल एंड शुगर स्क्रब इस्तेमाल करने का तरीका

इसके लिए सबसे पहले एक कटोरी लें। अब इसमें 2 चम्मच चीनी और 1 चम्मच



ऑलिव ऑयल डालें। फिर इस मिश्रण को अच्छे से मिक्स करें। इसमें लैवेंडर ऑयल एड करें और थिक पेस्ट बना लें। अब इसे अपने हाथों पर लगाएं और अच्छे से रब करें।इसे 3 से 5 मिनट तक हाथों में लगा रहने दें। फिर हल्के गुनगुने पानी से हाथों को साफ कर लें। इससे आपकी स्किन की ड्राइनेस (ड्राइनेस की समस्या दूर करने के उपाय) दूर हो जाएगी।

### कोकोनट-कॉफी स्क्रब बनाएं

अगर आप स्किन की डीप क्लीनिंग करना चाहती हैं तो इसके लिए कॉफी और कोकोनट का इस्तेमाल कर सकती हैं। कॉफी में मौजूद एंटी ऑक्सीडेंट्स स्किन की ड्राईनेस दूर करता है। साथ ही स्किन को मॉइस्चराइज करने में भी मदद करता है।

## बढ़ती उम्र में दिखना है हैंडसम तो ऐसे हों तैयार, देखकर हर कोई करेगा तारीफ

अक्सर लोगों को ऐसा कहते सुना जाता है कि, जैसे-जैसे उम्र बढ़ती है, वैसे-वैसे शारीरिक स्मार्टनेस खत्म होने लगती है पर, ऐसा कौन ही होगा जो ये चाहता हो कि वो स्मार्ट और हैंडसम ना दिखे। हर कोई अपनी तारीफ सुनना चाहता है, चाहे उसकी उम्र कितनी भी हो जाए। कई बार ऐसा होता है कि ड्रेसिंग सेंस की वजह से या तो आप अपनी उम्र से ज्यादा दिखने लगते हैं या फिर और कम। जिस वजह के कई बार लोग हंसी का पात्र बन जाते हैं।

इसी के चलते आज हम आपको कुछ ऐसे टिप्स बताएंगे, जिनकी मदद से आप 40 के बाद भी हैंडसम दिखेंगे। इन टिप्स को फॉलो करके आत्मविश्वास वापस आ जाएगा। जिस वजह से आप पहले से ज्यादा ऊर्जावान महसूस करेंगे तो आइए आपको कुछ उन फैशन टिप्स के बारे में बताते हैं, जिनकी मदद से आप 40 की उम्र के बाद भी हैंडसम दिखेंगे।

**ना पहनें शॉर्ट्र्स:** 40 की उम्र के बाद अगर आप ग्रेसफुल दिखना चाहते हैं तो गलती से भी शॉर्ट्स ना पहनें। कार्गो पैंट और शॉर्ट्स पहनने में भले ही आप



कंफर्टेबल हों लेकिन ये आपको बचकाना दिखा सकते हैं।

**सफेट टीशर्ट को कहें टा-टा:** कभी भी 40 की उम्र के बाद सफेद टी शर्ट पहन कर बाहर ना जाएं। अगर आपको व्हाइट टी शर्ट पसंद है तो हमेशा कॉलर वाली ही पहनें। इस पर प्रेस का खास ध्यान रखें।

**ना पहनें ढीले कपड़े:** अगर आप ढीले-ढाले कपड़े पहन कर बाहर जाएंगे तो इससे आपकी पर्सनैलिटी पर असर दिखेगा।

कार्नर न्यूज

### ना करें ये गलतियां वरना चेहरे पर दिखेगी बढ़ती हुई उम्र

## छोटी सी गलती खराब कर सकती है आपका लुक, मेकअप करते वक्त रहें हमेशा सचेत

हर उम्र की महिला खूबसूरत दिखने के लिए मेकअप का इस्तेमाल करती हैं। चाहे शादी-विवाह हो या फिर कोई अन्य कार्यक्रम हो, महिलाएं हर मौके पर मेकअप करती हैं। आज के समय में तो महिलाएं घर से बाहर निकलते वक्त भी मेकअप का इस्तेमाल करती हैं। वैसे तो मेकअप की वजह से महिलाओं की खूबसूरती में चार चांद लग जाते हैं, पर मेकअप करते वक्त की गई छोटी सी गलती की वजह से आपका पूरा लुक खराब हो सकता है। ऐसे में अगर आप खूबसूरत दिखना चाहती हैं तो मेकअप करते वक्त कुछ बातों का ध्यान रखें। ऐसा ना करने पर आपकी बढ़ती उम्र दिखाई देगी। दरअसल, कुछ ऐसी गलतियां होती हैं, जो होती तो काफी मामूली है, लेकिन उनकी वजह से पूरा मेकअप खराब हो सकता है।



### फाउंडेशन का रखें ध्यान

बहुत सी महिलाएं फाउंडेशन का इस्तेमाल ज्यादा कर लेती हैं, उन्हें लगता है ज्यादा फाउंडेशन लगाने से मेकअप परफेक्ट होता है। जबकि ऐसा करने से स्किन बहुत सफेद नजर आने लगती है और कुछ ही देर में चेहरे पर क्रेक दिखाई देने लगते हैं। इससे चेहरे पर झुर्रियां दिखाई देती हैं। ऐसे में फाउंडेशन लगाते वक्त उसकी मात्रा का ध्यान रखें।

### लिपस्टिक का शेड



लिपस्टिक का हर शेड हर किसी के ऊपर अच्छे नहीं लगता। दरअसल, कई शेड ऐसे होते हैं, जिनको लगाने से चेहरा मैच्योर लगता है। अगर आप येलो, रेड और पर्पल शेड की लिपस्टिक लगा रही हैं, जिसमें ब्लू यो पार्पल टिंट नहीं है तो ये शेड्स आपको अपनी उम्र से ज्यादा दिखाने का काम करेगा।

### आई मेकअप का रखें ध्यान

लिपस्टिक के अलावा आपका गलत आईमेकअप भी आपको उम्र से ज्यादा दिखता है। अगर आप आंखों के आसपास गहरे और स्ट्रॉन्ग रंगों वाले आई शैडो का इस्तेमाल कर रही हैं तो इससे आपकी उम्र ज्यादा दिखेगी।

### त्वचा को रखें ड्राई

अगर आपकी त्वचा ड्राई है तो मेकअप करने से पहले चेहरे को अच्छे से नरिश करें। अगर आप ड्राई स्किन पर मेकअप करती हैं तो स्किन मेकअप को तेजी से सोख लेगी और आपकी स्किन पर रिंकल्स बनने लगेंगे।